				के माध्यम से किया जायेगा। कृत कार्यवाही से सूचना अधीक्षण अभि–यंता के द्वारा एक सप्ताह के अन्तर्गत मुख्य अभियंता तथा महालेखाकार, उत्तरा–खण्ड को दी जायेगी
		5–अधिशासी अभियंता लोक निमार्ण विभाग, सिंचाई/लघु सिंचाई ग्रामीण निमार्ण विभाग मुख्य विद्युत नियंत्रक	रू0 20,000 (रू0 बीस हजार) पुस्तक मूल्य तक।	–कृत कार्यवाही से सूचना अधिशासी अभियंता द्वारा एक सप्ताह के अन्तर्गत अधीक्षण अभियंता तथा महालेखाकार, उत्तराखण्ड को दी जायेगी
10.	ऐसी सामग्री (औजार और संयंत्र नहीं) जो न फालतू हो और न निष्प्रयोज्य हो, पूर्ण मूल्य/लागत(सामान्य पर्यवेक्षक शुल्क सहित) जमा कर अंतरखण्डीय/ अन्तर्विभागीय स्थानान्त–रण करना।	4–अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग/ सिंचाई विभाग/ लघु सिंचाई विभाग/ ग्रामीण निर्माण विभाग	पूर्ण अधिकार	–
		5–अधिशासी अभियंता लोक निमार्ण विभाग, सिंचाई/लघु सिंचाई ग्रामीण निमार्ण विभाग मुख्य विद्युत नियंत्रक	रू0 2,00,000 (रू0 दो लाख) पुस्तक मूल्य तक।	–

11.	सूचना और संचार तकनीकी उपकरणों का निस्तारण।	1–प्रशासकीय विभाग	1–पूर्ण अधिकार	सूचना तथा संचार तकनीकी घटकों के अनुपयोग और निस्ता–रण नीति,2016 (समय –समय पर यथा संशोधित)के अनुसार।
		2–विभागाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	सूचना तथा संचार तकनीकी घटकों के अनुपयोग और निस्तारण नीति, 2016 (समय–समय पर यथा संशोधित) के अनुसार।
		3–कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक वर्ष रू01,00,000 (रू0 एकलाख) मूल्य सीमा तक।	सूचना तथा संचार तकनीकी घटकों के अनुपयोग और निस्ता–रण नीति,2016 (समय –समय पर यथा संशोधित) के अनुसार।

विवरण पत्र– 6

राजस्व में छूट अथवा परित्यजन

0सं0	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग कि जायेगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1.	राजस्व में छूट देना अथवा वसूली छोड़ देना 1.ऐसी धनराशियॉ जो विभागाध्यक्षों द्वारा वसूल न होने योग्य प्रमाणित की गई हो।	1–प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में रू0 10,000 (रू0 दस हजार) तक	–
		2–विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू0 5,000 (रू0 पॉच हजार) तक	
	2.ऐसी धनराशियॉ जो वसूल न होने योग्य घोषित न हुई हों।	1–प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में रू0 5,000 (रू0 पॉच हजार) तक	निम्नलिखित शर्तो के अधीन :– 1. इस अधिकार का प्रयोग उन मामलों में नहीं किया जायेगा, जिनमें कि ऐसी छूटें किसी अधिनियम या नियमावली अथवा पृथक अनुदेशों द्वारा नियंत्रित होती हों अथवा कोई विशेष प्रतिनिधायन मौजूद हो। 2. जहॉ पर छूट देने के लिए कोई प्रक्रिया निर्धा–रित हो वहॉ उसका
		2–विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू0 2,000 (रू0 दो हजार) तक	

				अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए। 3. उस मामले में प्रयिा के किसी दोष का पता न चले। 4. किसी सरकारी कर्म–चारी की ओर से असा–वधानी न की गई हो, जिसमें किसी उच्चतर प्राधिकारी के आदेश अपेक्षित हों। 5. प्रत्येक मामले में वसूली की छूट के कारण अभिलिखित किये गये हों।

2.	व्यापार कर / मूल्य वर्धित कर देयों की वसूली न होने वाली धनराशि को उसे वसूल करने के लिए हर संभव प्रयत्न करने के पश्चात संयुक्त जॉच दर (श्रवपदज मदुनपतल जमंउ) द्वारा आवश्यक जॉच पड़ताल के पश्चात इस आशय का प्रमाण–पत्र दिये जाने पर कि देय वसूल नहीं की जा सकती, बट्टे खाते में डालना।	1–प्रशासकीय विभाग	रू0 2,50,000 (रू0 दो लाख पचास हजार) से ऊपर परन्तु रू010,00000 (रू0 दस लाख) से अनधिक।	प्रत्येक मामले में संयुक्त जॉच दल द्वारा जारी किये गये प्रमाण–पत्र आयुक्त कर द्वारा संतुष्ट होने पर कि देय वसूल नहीं की जा सकती, वित्त विभाग की सहमति से टिप्पणी :– अप्रतिलभ्य व्यापार कर बकाया के अपलेखन (Write off) की स्वीकृति प्रदान करने वाले सम्बन्धित अधिकारियों की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि अपलेखन आदेश जारी किये जाने से पूर्व निम्नलिखित शर्तों की पूर्ति कर ली गई है :– (1) छः वर्ष से कम अवधि के बकाये के अपलेखन की आवश्य–कता न्यूनतम होनी चाहिए। यदि विशेष परिस्थितियों में छः वर्ष से कम अवधि के बकाये को अपलेखित किया जाता है तो अपलेखन (Write off) आदेश की एक प्रति शासन को भी सूचनार्थ भेज दी

				जाये। (2) प्रत्येक प्राधिकारी उनके द्वारा स्वीकृत किये गये अपलेखनों के सम्बन्ध में रजिस्टर रखेगा, जिसमें अपलेखन के सम्बन्ध में दी गई स्वीकृतियों के सम्बन्ध में सभी आवश्यक तथ्य अंकित किये जायेंगे जो कि भविष्य में आवश्य–कतानुसार देखे जा सके (3) अपलेखन आदेश जारी करने से पूर्व पूरी तरह से यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि वसूली की दिशा में हर सम्भव कार्यवाही की जा चुकी है। जिसे मामले में बकायेदारों की संख्या एक से अधिक हो, उस में सभी के विशुद्ध वसूली की प्रभावी कार्यवाही की जा चुकी है तथा बकायादार/ बकाया–दारों के चल/अचल सम्पत्तियों के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या मामले की सम्बन्धित पत्रावली में उपलब्ध है। (4)वसूली के सिलसिले में सम्बन्धित बकायादार /बकायादारों को गिरफ्–तार किया जा चुका है। (5)बकायादार/बकाया–दारों से बकाया की वसूली के सिलसिले में विस्तृत जॉच न केवल उनके व्यवसाय के स्थान पर वरन् उनके स्थायी अथवा अस्थायी निवासों की जगह पर भी की जा चुकी है।
		2– आयुक्त कर	प्रत्येक मामले में रू0 2,50,000 (रू0 दो लाख पचास हजार) तक	संयुक्त जॉच दल द्वारा दिये गये प्रमाण–पत्रसे अपर आयुक्त(वित्त) कार्यालय आयुक्त कर के परामर्श से संतुष्ट होने पर कि देय वसूल नहीं की जा सकती।

3.	विकास के लिए वसूलन होने योग्य ऋण में छूट, धनराशि वसूलकरने के लिए सभी सम्भव उपाय करने के बाद जिलाधिकारी के इस आशय के प्रमाण–पत्र पर स्वीकृत करना।	1–प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में रू0 5,000 (रू0 पॉच लाख पचास हजार) तक तथा एक वित्तीय वर्ष में रू0 50,000 (रू0 पचास हजार) तक।	–
		2–मण्डलायुक्त	प्रत्येक मामले में रू02000 (रू0 दो हजार) तक तथा एक वित्तीय वर्ष में रू0 20,000 (रू0 बीस हजार) तक।	–
4.	मोटर्स व्हीकल टैक्सेशन एक्ट की सुसंगत धारा के अधीन देय वसूल न होने योग्य मोटर कर के बकाया की छूट स्वीकृत करना।	परिवहन आयुक्त	1. किसी वित्तीय वर्ष में रू0 10,000 (रू0 दस हजार) तक। 2. किसी एक मामले में रू0 1,000 (रू0 एक हजार) तक।	

विवरण पत्र– 7
हानियों को बट्टे खाते में डालना

क्र.सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1.	भण्डार या लोकधन की अवसूलनीय हानियॉ जिनके अन्तर्गत पूर्णतः नष्ट हुए स्टाम्पों की हानि भी सम्मिलित है, को बट्टे खाते डालना।	1–प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मामले में रू0 20,000 (रू0 बीस लाख पचास हजार) से अधिक तथा रू0 50,000 (रू0 पचास हजार) से अनधिक सीमा तक,बशर्ते मदों के समूल का कुल मूल्य रू0 1,00,000 (रू0 एक लाख) से अधिक न हो।	उपरोक्त निम्नलिखित प्रतिनिधायन इस शर्त के अधीन हैं कि हानि से इस बात का पता न चलता हो कि :– 1. प्रणाली का कोई दोष है जिसमें संशोधन के लिए उच्चतर प्राधि–कारी के आदेशों की आवश्यकता हो अथवा 2. किसी एक विशेष अधिकारी अथवा अधि–कारियों की ओर से कोई घोर असावधानी की गई हो जिसके निमित्त सम्भवतः अनुशा–सनिक कार्यवाही करने के लिए उच्चतर प्राधि–के ओदशों की आवश्य–कता हो।
		2–मण्डलायुक्त	राजस्व विभाग के सम्बन्ध में :– प्रत्येक मद मेंरू0 20,000 (रू0 बीस हजार) की सीमा तक,बशर्ते मदों के समूह का कुल मूल्य एक वर्ष में रू0 50,000 (रू0 पचास हजार) से अधिक न हो।	

		2—विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मद में रू0 20,000 (रू0 बीस हजार) की सीमा तक,बशर्ते मदों के समूह का कुल मूल्य एक वर्ष में रू0 50,000 (रू0 पचास हजार) से अधिक न हो।	
		3—कार्यालयाध्यक्ष (प्रथम श्रेणी अधिकारी)	प्रत्येक मद में रू0 2,000 (रू0 दो हजार) तक,किन्तु एक वर्ष में कुल रू0 10,000 (रू0 दस हजार) की सीमा तक	
2.	किसी भी प्रकार के ऐसे फालतू और निष्प्र—योज्य भण्डार, जो खराब हो गया हो या जिसे विय करना आवश्यक समझा जाय,	1—प्रशासकीय विभाग	1.प्रत्येक मद में रू0 20,000 (रू0 बीस हजार) से अधिक तथा रू0 50,000 (रू0 पचास हजार) से अनधिक की	निम्नलिखित शर्तो के अधीन :— (क)खराब होने अथवा फालतू होने के कारणों का पूर्ण रूप में उल्लेख करते हुए विहित प्रपत्र
	के विक्रय के फलस्वरूप होने वाली हानि को बट्टे खाते में डालना, स्वीकृत करना।	2—विभागाध्यक्ष	सीमा तक, बशर्ते मदों के समूल का कुल मूल्य रू0 1,00,000 (रू0 एक लाख) से अधिक न हो। 2. प्रत्येक मद में रू0 20,000 (रू0 बीस हजार) की सीमा तक,बशर्ते मदों के समूह का कुल मूल्य एक वर्ष में रू0 50,000 (रू0पचास हजार) से अधिक न हो।	में एक रिपोर्ट (जोकि मृत पशु—पक्षी के संबंध में उतनी ही आवश्यक है)स्वीकृति के लिए सम्बन्धित विभागाध्यक्ष को भेजी जाए। (ख)प्रश्नगत भण्डार उस समय तक पुस्तकों से काटा नहीं जायेगा जबतक कि वस्तुतः वय न हो जाए अथवा जीर्ण—क्षीर्ण हुएया निष्प्रयोज्य उपकरणऔर औजार लोहे के टुकड़ों के रूप में टूट न जाए।
		3—कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू0 2,000 (रू0 दो हजार)तक	
3.	सूखने और सड़ जाने के कारण आलू के बीजों की हानियॉ, बट्टे खाते में डालना।	कार्यालयाध्यक्ष	कोल्ड स्टोरेज की दशामें 10 प्रतिशत और सैन्ड स्टोरेज की दशा में 25 प्रतिशत की सीमा तक	—
4.	(1)बीज, भूसा खली, उर्बरक, दवाईयॉ, तरल पदार्थ, नमक, साइलेज और चारा आदि के भण्डार जो बजट के अनुदानों से य किये गये, को बट्टे डालने की स्वीकृति प्रदान करना। क)प्राकृतिक कारणों से होने वाली हानि के मामलों में उदाहणार्थ सुखावट और सफाई तथा	कार्यालयाध्यक्ष	निम्नलिखित मामलों में वार्षिक सीमा तक :— क) 1) प्रत्येक प्रकार का रवि बीज भण्डारण के समय माल का एक प्रतिशत 2) प्रत्येक प्रकार का खरीब बीज भण्डारण के समयकुल मा का 3 3)भूसा खली,उर्बरक, दवाईयॉ, तरल पदार्थ, नमक, साइलेज और चारा भण्डारण के के समय कुल माल का 3 प्रतिशत। 4) कपास—	—बट्टे खाते डाले जाने की स्वीकृति के मामलों की एक सूची तथा निर्धारित प्रपत्र पर कारणों का उल्लेख करते हुए प्रतिवर्ष विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत की जानी चाहिए। बट्टे खाते डाली गई हानियॉ, बीज और उपकरण अग्रिम के, जहॉ वे उस अग्रिम से सम्बन्धित हों, लाभ और हानि लेखे के नामे

	ख) असामान्य घटनाओ के कारण उदाहणार्थ झींगुर, चूहे, दीमक, वर्षा इत्यादि के कारण हानि।		क) भण्डारण में रखने के कारण कमी मण्डारी के समय कुल माल का 1 प्रतिशत। ख)औटने से होने वाली कमी–औटी गई कपास की मात्रा का 3 प्रतिशत। ग) पट्टी (लिंट) के सूखने से होने वाली कमी भण्डारण से	डाली जायेंगी।
			के समय कुल माल का 1 प्रतिशत। ख) सभी प्रकार के रविव खरीब फसल के बीजके कुल माल के 1 प्रति–शत की सीमा तक, किन्तु शर्त यह है कि– (क) और (ख) दोनों केसम्बन्ध में उसी मद केबारे में उसी वर्ष के लिएबट्टे खाते डाली गई कुल धनराशि कुल रवि माल के डेढ़ प्रतिशत और कुल खरीब माल के साढ़े तीन प्रतिशत सेअधिक न हो।	
	(2) ऐसा तरल स्टाक (बीज, भूसा, खली, उर्बरक इत्यादि) जो असामान्य घटनाओं जैसे झींगुर, चूहे, दीमक, वर्षा इत्यादि के कारण घटिया हो गया हो और परिणामस्वरूप पूरी कीमत पाने के लिए समर्थ न रहा हो, के कारण हानियाहॅ बट्टे–खाते डालना।	कार्यालयाध्यक्ष	एक वर्ष में किसी एक संस्था में संग्रह की गई, भण्डार में रखते समय प्रत्येक किस्त के कुल माल के 10 प्रतिशत की सीमा तक, किन्तु शर्त यह कि इस 10 प्रतिशत का पुस्तक मूल्य 2000रू0 से अधिक न हो (परिणाम और धन सम्बन्धी निर्धारित सीमायें माल के संदर्भ में दी गयी हैं न कि खराब होने के कारण हुई इस माल की हानि के जो बट्टे खाते डाला जायेगा)। क) उन्हीं शर्तों के अधीन जो कि ऊपर मद 4 (1) में दी गई हैं। ख) गन्ना विकास अधिकारियों के मामले में ऊपर मद–2 के सम्मुख म सं0 3 में (क) और (ख) में दी गई शर्तों के अधीन।	

5.	सरकारी पुस्तकालयों में खोई अथवा नष्ट हुई पुस्तकों को अवसूलनीय हानियों को बट्टे–खाते डालना।	1. विभागाध्यक्ष 2. जिला तथा सेशन जज और उप पुलिस महानिरीक्षक	प्रत्येक पुस्तक के संबंध में रू0 1000/–(रू0एक हजार) के मूल्य तक किन्तु एक वर्ष में कुल रू0 1,00,000 (रू0 एक लाख) अधिकतम सीमा तक।	—
		3–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	
6.	राजस्व की हानि(जिनके अंतर्गत न्यायालयों तथा डिी की गई अवसूल–नीय धनराशि भी सम्मि–लित है)या अवसूलनीय ऋण या अग्रिम धन का बट्टे खाते डालना।	1. विभागाध्यक्ष	25,000 रूपये(रू0पच्चीस हजार) की सीमा तक प्रतिबन्ध यह है कि प्रशासकीय विभाग को यथानुसार अवगत कराया जाय।	
		2–मण्डलायुक्त	राजस्व विभाग के संबंध में :– 25,000 रूपये(रू0पच्चीस हजार)की सीमा तक, प्रतिबन्ध यह है कि प्रशासकीय विभाग को यथानुसार अवगत कराया जाय।	
		3–प्रशासकीय विभाग	रू01,00,000(रू0 एक लाख)की सीमा तक वित्त विभाग की सहमति से रू0 1,00,000 (रू0एक लाख) से 5,00,000 रू0 (रू0 पॉच लाख) की सीमा तक	
7.	ऐसे मामलों में जिनम राजस्व प्राधिकारियों द्वारा अथवा प्रतिभू (जामिन) से वसूली व्यावहारिक न हो, राजकीय बीज भण्डारों और कृषि क्षेत्रों के वसूल न होने योग्य देय धनराशियॉ (ब्याजसहित)बट्टे–खातेडालना।	1. विभागाध्यक्ष	1. एक मामले में 2000 रू0 (रू0 दो हजार) तक और एक वर्ष में 20,000 रू0(रू0 बीस हजार)तक	
		2. कार्यालयाध्यक्ष	2. एक मामले में 1000 रू0 (रू0 एक हजार) तक और एक वर्ष में 10,000 रू0(रू0 दस हजार)तक	

8.	टूट–फूट, दुर्घटनाओं आदि के कारण बीज तथा उपकरणों की हानियों को बट्टे–खाते डालने हेतु स्वीकृति प्रदान करना	1. विभागाध्यक्ष	1. एक मामले में 2000 रू0 (रू0 दो हजार) तक और एक वर्ष में 10,000 रू0(रू0 दस हजार)तक	–
		2. कार्यालयाध्यक्ष	2. एक मामले में 1000 रू0 (रू0 एक हजार) तक और एक वर्ष में 5,000 रू0(रू0 पॉच हजार)तक	–
9.	दुर्घटनाओं, जालसाजी, असावधानी या अन्य कारणों से खोये या नष्ट या क्षतिग्रस्त हुए भण्डारों एवं अन्य सम्प–त्ति के वसूल न हो सकने वाले मूल्य या खोये सरकारी धन की वसूल न हो सकने वाली धनराशियों को बट्टे–खाते डालना।	1. कार्यालयाध्यक्ष	1.प्रत्येक मामले मे 20000 रू0 (रू0 बीस हजार)तक बशर्ते एक वर्ष में रू04,00,000(रू0 चार लाख) से अधिक की हानियॉ बट्टे–खाते में न डाली जाये।	उपरोक्त प्रतिनिधायन इस शर्त के अधीन है कि हानि से इस बात का पता न चलता हो कि :– (1) प्रणाली का कोई दोष है, जिसमें संशोधन के लिए उच्चतर प्राधि–कारी के आदेशों की आवश्यकता हो अथवा (2) किसी एक विशेष अधिकारी अथवा अधि–कारियों की ओर से कोई घोर असावधानी की गई है, जिसके निमित्त सम्भवतः अनुशा––सनिक कार्यवाही करने के लिए उच्चतर प्राधिकारी के आदेशों की आवश्यकता हो।
		2. विभागाध्यक्ष	1.प्रत्येक मामले मे रू02,00,000 (रू0 दो लाख) की सीमा तक किन्तु एक वर्ष मे कुलं रू010,00,000(रू0 दस लाख) की अधिकतम सीमा तक	
		3. मण्डलायुक्त	राजस्व विभाग के संबंध में :– प्रत्येक मद में 2,00,000 रूपये(रू0दो लाख)की सीमा तक, किन्तु एकवर्ष में कुलं रू010,00,000(रू0 दस लाख) की अधिकतम सीमा तक।	
		4. प्रशासकीय विभाग	प्रत्येक मद में 2,00,000 रूपये(रू0दो लाख) से अधिक तथा रू0 25.00 (रू0 पच्चीस लाख) से अनधिक की सीमा तक, बशर्ते मदों के समूह का कुल रू0 1.00 करोड़ (रू0 एक करोड़) से अधिक न हो।	
		5. मंत्रि परिषद	उपरोक्त मांक–4 से अधिक के प्रकरण।	
10.	राजकीय अस्पतालों के बीमारों से वसूल न होने योग्य देय धनरा–शियॉ बट्टे–खाते डालना (यह प्रतिनिधा–यन बीमारों से देय उन	महानिदेशक, चिकि–त्सा तथा स्वास्थ्य सेवायें	1. 2000 रू0 (रू0 दो हजार) की सीमा तक बशर्ते एक वर्ष में 20,000 रू0(रू0 बीस हजार) से अधिक न हो।	–

	धनराशियों पर लागू नहीं होता है, जो अस्प–ताल के कर्मचारी वर्ग को देय है)।			
11.	स्टाक में अन्तर्विष्ट भण्डारित सामग्री के मूल्य में और अन्य लेखाओं में कमियों और ह्रास (वाहन के अति–रिक्त) के मामले के बट्टे–खाते डालना।	1. विभागाध्यक्ष	25,000 रूपये (रू0पच्चीस हजार) तक।	–
		2. मण्डलायुक्त	राजस्व विभाग के संबंध में :– 25,000 रूपये(रू0पच्चीस हजार) से अधिक एवं रू01,00,000(रू0 एक लाख) की सीमा तक।	
		3. प्रशासकीय विभाग	वित्त विभाग की सहमति से :– 1,00,000 रूपये(रू0एक लाख) सेरू010,00,000(रू0 दस लाख) की सीमा तक।	
12.	प्रदेश के अंदर रेल से भेजे गये खाद्यानों के प्रेषणों (कन्साइनमेन्ट्स) में प्राकृतिक कारणों से मजबूत(बगैर कटे–फटे) बोरियों में पायी गई मार्गगत हानियॉ (जिन–का रेलवे से दावा न किया जा सकता हो)को बट्टे–खाते डालने की स्वीकृति देना।	सम्भागीय खाद्य नियंत्रक	0.25 प्रतिशत तक, किन्तु शर्त यह है कि हानियॉ किसी संम्बन्धित सरकारी कर्मचारी की असावधानी के कारण न हुई हो और यह कि सम्भागीय वित्त अधिकारी उन हानियों को बट्टे–खाते डालने के लिए सहमत हों।	–हानियों का एक मासिक विवरण पत्र, जिसमें उन परिस्थितियों के उल्लेख के साथ जिनके कारण बट्टे–खाते डालना आवश्यक हो गया हो, मात्रा, मूल्य तथा कुल मात्रा, जिसमें से कमी पायी गई हो, शासन को भेजा जाना चाहिए।
13.	खाद्यानों के संग्रहएर में लगभग 6 माह की अवधि के दौरान प्राकृतिक कारणों से घटित हानि बशर्ते कि हानि किसी सरकारी कर्मचारी की लापरवाही, प्रयिा या संग्रह प्रबन्धन में दोष के कारण न हुई हो, को बट्टे–खाते डालने की स्वीकृति देना	सम्भागीय खाद्य नियंत्रक	0.50 प्रतिशत, किन्तु रू0 10 हजार की सीमा तक।	–इस प्रतिबंध के अधीन सम्भागीय वित्त अधिकारी हानिं को बट्टे–खाते डालने केलिए सहमत हों। हानियों का एक मासिक विवरण जिसमें घटित हानि की मात्रा एवं मूल्य तथा कुल मात्रा एवं
				मूल्य जिसमें से कमी पाई गई हो, के साथ ही उन परिस्थितियों का उल्लेख भी किया जायेगा, जिसके कारण बट्टे–खाते में डालना आवश्यक हो गया है, खाद्य आयुक्त को भेजा जायेगा।
		खाद्य आयुक्त	2.00 प्रतिशत किन्तु रू0 10 हजार की सीमा तक।	–इस प्रतिबंध के अधीन सम्भागीय वित्त अधिकारी हानिं को बट्टे–खाते

				डालने केलिए सहमत हों। हानियों का एक मासिक विवरण जिसमें घटित हानि की मात्रा एवं मूल्य तथा कुल मात्रा एवं मूल्य जिसमें से कमी पाई गई हो, के साथ ही उन परिस्थितियों का उल्लेख भी किया जायेगा, जिसके कारण बट्टे–खाते में डालना आवश्यक हो गया है, शासन को भेजा जायेगा।
14.	क) रसायनिक उर्बरकों, उनके मिश्रण तथा कीट एवं रोगनाशक रसायनों तथा उनके मिश्रणों की मार्गगत हानि का बट्टे–खाते डालने की स्वीकृति प्रदान करना।	1–विभागाध्यक्ष	1–प्रत्येक प्रेषण (कन्सा–इन्मेंट) में 3 प्रतिशत या 10,000 रू0 (रू0 दस हजार) तक जो भी कम हो।	–उक्त प्रतिनिधायन इस प्रतिबंध के साथ है कि हानि किसी से वसूल न की जा सकती हो और उस का दावा उचित कारणों से रेलवे तथा प्रेषक द्वारा अस्वीकृत किया जा चुका हो।
		2. कार्यालयाध्यक्ष	1–प्रत्येक प्रेषण (कन्सा–इन्मेंट) में 3 प्रतिशत या 2,000 रू0 (रू0 दो हजार) तक जो भी कम हो।	
	ख) रसायनिक उर्बरकं, उनके मिश्रण तथा कीट एवं रोगनाशक रसायनों तथा उनके मिश्रणों की संग्रह हानि का बट्टे–खाते डालने की स्वीकृति प्रदान करना।	1–विभागाध्यक्ष	1–प्रत्येक मामले में 3 प्रतिशत या10,000 रू0 (रू0 दस हजार) तक जो भी कमहो।	उक्त प्रतिनिधायन इस प्रतिबंध के साथ कि संग्रह की अवधि छः माह से कम न हो।
		2. कार्यालयाध्यक्ष	1–प्रत्येक मामले में 3 प्रतिशत या 2,000 रू0 (रू0 दो हजार) तक जो भी कमहो।	–

विवरण पत्र– 8

विविध वित्तीय अधिकार

0सं0	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग कि जायेगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1.	अपने अधीनस्थ कार्या–लयों के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी घोषित करना।	वित्त विभाग	निम्नलिखित शर्तों के अधीन पूर्ण अधिकार :– 1.सम्बन्धित अधिकारी अपने कार्यालय, जो कि एक स्वतंत्र इकाई के रूप में हो, का सर्वोच्च राजपत्रित अधिकारी हो	यदि कोई आहरण एवं वितरण अधिकारी उपा–र्जित अवकाश पर चला जाता है, या उसका स्थानान्तरण हो जाता है या अन्य कारण से अल्प समय के लिए वह पद

			और लेखा–प्रयिा तथा वित्तीय नियमों से भली–भॉति परिचित हो।	रिक्त हो जाता है तो और उस पद के लिए कोई स्थायी या स्थाना–पन्न प्रबन्ध नहीं किया जाता है, तो सक्षम अधिकारी उस रिक्त पद पर जिस किसी राजपत्रित अधिकारी को अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त कार्य करने के लिए नियुक्त करता है, वह अधिकारी उस कार्यालय के सम्बन्ध में अन्य प्रशा–सनिक कार्यों के लिए अधिकृत होने के साथ–साथ आहरण एवं वित–रण अधिकारी भी विधि–वत घोषित माना जायेगा।
2.	किसी अधिकारी को मूल नियमों, सहायक नियमों तथा लेखा नियमों हेतु विभागाध्यक्ष घोषित करना।	प्रशासकीय विभाग	वित्त विभाग का अनुमो–दन प्राप्त करके।	अधिकारी एक पृथक संगठन का सर्वोच्च अधिकारी होना चाहिए जिसका वेतनमान सातवे वेतनमान के स्तर–13 से कम न हो। कार्मिक विभाग के परा–मर्श से आदेश निर्गत किये जायेंगे।
3.	किसी अधिकारी को जिले में कार्यालयाध्यक्ष घोषित करना।	प्रशासकीय विभाग	कार्मिक विभाग के परा–मर्श से पूर्ण अधिकार	–
4.	अधीनस्थ अधिकारियों को वित्तीय अधिकार पुनः प्रतिनिहित करना।	प्रशासकीय विभाग	प्रशासकीय विभाग, सब मामलों में, अपने विभाग में निहित अधिकारों की सीमा तक किसी अधीन–स्थ अधिकारी को अधि–कार पुनः प्रतिनिहित कर सकते हैं, निम्नलिखित को छोड़कर :– 1. पदों का सृजन 2. हानियों को बट्टे–खाते डालना	
5.	अतिरिक्त विभागाध्यक्ष को विभागाध्यक्ष के समस्त अथवा कतिपय वित्तीय अधिकार पूर्ण या आंशिक रूप से प्रतिनिहित करना।	प्रशासकीय विभाग	निम्नलिखित शर्तो के अधीन :– 1. विभागाध्यक्ष की संस्तुति हो। 2. अतिरिक्त विभागाध्यक्ष श्रेणी–1 से कम स्तर का अधिकारी न हो।	उपरोक्त के अन्तर्गत विभागाध्यक्ष के अधि–कार का प्रतिनिधायन संयुक्त/उप विभागा–ध्यक्ष को करने की अनुमति नहीं है।

			3. वित्त विभाग की सहमति प्राप्त कर ली गई हो।	
6.	उन स्थायी पदो के स्थायीकरण के आदेश प्रसारित करना, जिनके स्थायीकरण का प्रस्ताव वित्त विभाग की सहमति से नई मांगों की अनुसूची द्वा आय–व्ययक में विध मण्डल द्वारा स्वीकर व लिया गया हो।	विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष	उन पदों के सम्बन्ध जिनके वे नियुक्ति प्रधिकारी है, किन्तु शर्त यह है कि– 1. स्थयीकरण के आदेशों में उन सव शासनादेशों की संख्या व तारीख दी जायेगी जिसमें सर्वप्रथम शासन द्वारा पद के सृजन की स्वीकृति वित्त विभाग की अनुमति से दी गयी थी और समय–समय पर गत वर्ष के मार्च 31 तक पद का प्रसार हुआ था। 2. उक्त आदेशों में पद का शासन द्वारा स्वीकृत वेतनम पूर्णरूपेण अंकित होगा। 3. यदि पद सृजन के समय किसी पद को आस्थगित रखा गया था तो उसे वित्त विभाग की पूर्व सहमति लि बिना पुनर्जीवित नही किया जायेगा।	–

7.	कालबन्धित बकाया वेतन, भत्ते, एवं अन्य प्रकार के दावों की पूर्व लेखा परीक्षा द्वारा जांच स्पीकृत करना।	1. प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड–5 भाग–1 के पैरा–74 (बी) में उल्लिखित शर्तो के अधीन।
		2. विभागाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार। (वित्त सेवा/लेखा सेवा के अधिकारियों से पूर्व लेखा परीक्षा कराके स्वीकृत करना।	

सहायक अनुदान

क्र.सं	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
1.	सार्वजानिक पुस्तकालयों के लिए सहायक अनुदान स्वीकृत करना	शासन का शिक्षा विभाग	पूर्ण अधिकार	शिक्षा संहिता में दिए हुए नियमों के अनुसार

2.	जूनियर हाई स्कूल/हाई स्कूलों/इण्टरमीडिएट कालेजों के भवन फर्नीचर और सज्जा के रख–रखाव के लिए सामान्य निर्दिष्ट धनराशि में से अनावर्तक अनुदान स्वीकृत करना।	सम्बन्धित विभागाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	–
	जूनियर हाई स्कूलों को अनुरक्षण अनुदान स्वीकृत करना।	सम्बन्धित विभागाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	–
3.	ऐसे प्रसिद्ध विद्वान व्यक्तियों को, जो दरिद्रावस्था में हो, आर्थिक सहायता प्रदान करने की भारत सरकार की योजना के अधीन, नियमों के अनुसार अनुदान स्वीकृत करना।	शिक्षा विभाग	पूर्ण अधिकार	–
4.	ऐसे व्यक्तियों की यात्रा अनुदान स्वीकृत करना जो विदेशों में, होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस, कांफ्रेन्स, सेमिनार और सिम्पोजियम में भाग लेने के लिए आमन्त्रित किये गये हो।	प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	–
5.	सडक निर्माण कार्यो से सम्बन्धित अनुदान स्वीकृत करना।	प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	–
	अग्रिम धनराशियों			
1.	स्थायी अग्रिम (Permanent Imprest)	1. प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	वित्तीय हस्त पुस्तिका–खण्ड–5 भाग–1 के अध्याय–3 के पैरा–67 के अधीन।
2.	भवन निर्माण/पुनर्निर्माण/य/मरम्मत के लिए सरकारी सेवकों को अग्रिम	1. प्रशाकीय विभाग	अनुमन्य सीमा तक पूर्ण अधिकार	वित्तीय हस्त पुस्तिका–खण्ड –5 भाग–1 के अध्याय–11 के पैरा–244 के अधीन शासनादेश संख्या 537/वि0अनु0–1/2004 दिनांक 16 जुलाई 2004 एवं समय–समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश की शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन।
		2– विभागाध्यक्ष	1. अनुमन्य सीमा तक 2. अधीनस्थ श्रेणी–2 एवं मुख्यालय में तैनात श्रेणी–2 तक के कार्मिकों के सम्बन्ध में वित्त अधिकारी/वित्त नियंत्रक की संस्तुति पर।	
		3–कार्यालयाध्यक्ष	अनुमन्य सीमा तक अपने अधीनस्थ कार्मिकों के सम्बन्ध में।	
3.	मोटर कार/मोटर साईकिल/स्कूटर य करने के	1. प्रशाकीय विभाग	अनुमन्य सीमा तक	शासनादेश संख्या 538/वि0अनु0–1/2004

	लिए सरकारी सेवकों को अग्रिम	2— विभागाध्यक्ष	अनुमन्य सीमा तक अधीनस्थ श्रेणी—2 तक के कार्मिकों के सम्बन्ध में वित्त अधिकारी / वित्त नियंत्रक की संस्तुति पर।	दिनांक 16 जुलाई 2004 एवं समय—समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश की शर्तो के अधीन।
		3—कार्यालयाध्यक्ष	अनुमन्य सीमा तक अपने अधीनस्थ कार्मिकों के सम्बन्ध में।	
4.	कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकरणों के य हेतु सरकारी सेवकों को अग्रिम।	1. प्रशाकीय विभाग	अनुमन्य सीमा तक	वित्त अनु0—1 / 2004 दिनांक 16 जुलाई 2004 एवं समय—समय पर वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश की शर्तो के अधीन।
		2— विभागाध्यक्ष	अनुमन्य सीमा तक अधीनस्थ श्रेणी—2 तक के कार्मिकों के सम्बन्ध में वित्त अधिकारी / वित्त नियंत्रक की संस्तुति पर।	
		3—कार्यालयाध्यक्ष	अनुमन्य सीमा तक अपने अधीनस्थ कार्मिकों के सम्बन्ध में।	
5.	स्वयं अथवा अधीनस्थ सरकारी सेवक को, सीनान्तरण अथवा उच्च शिक्षा / प्रशिक्षण पर जाने हेतु वेतन स्वीकृत करना।	1. प्रशाकीय विभाग	एक माह के मूल वेतन की सीमा में पूर्ण अधिकार	एक माह के मूल वेतन की सीमा में।
		2— विभागाध्यक्ष		
		3—कार्यालयाध्यक्ष		
6.	अपने स्वयं के दौरे अथवा अधीनस्थ अराजपत्रित / राजपत्रित सरकारी सेवकों के सीनान्तरण अथवा उच्च शिक्षा / प्रशिक्षण / दौरे एल0टी0सी0 के लिए यात्रा भत्ता अग्रिम स्वीकृत करना।	1. प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	—
		2— विभागाध्यक्ष		
		3—कार्यालयाध्यक्ष		
7.	कानूनी कार्यवाही हेतु अग्रिम स्वीकृत करना।	1. प्रशाकीय विभाग 2— विभागाध्यक्ष 3—कार्यालयाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	बजट की उपलब्धता एवं मानक के अधीन।
8.	चिकित्सा प्रतिपूर्ति अग्रिम।	1. प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	चिकित्सा विभाग द्वारा समय—समय पर निर्धारित मानक एवं प्रिया अनुसार 75: की सीमा तक
		2— विभागाध्यक्ष	रू0 5,00,000 (रू0 पांच लाख तक)	
		3—कार्यालयाध्यक्ष	रू0 1,50,000 (रू0 एक लाख पचास हजार तक)	
9.	सामान्य कार्यालय व्यय।	1. प्रशाकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	उत्तराखण्ड़ अधिप्राप्ति नियमावली के अनुसार होगी।
		2— विभागाध्यक्ष		

		3–कार्यालयाध्यक्ष		
10.	निम्नलिखित के लिए अग्रिम स्वीकृत करना।			वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5, भाग–1 के निम्नलिखित प्रस्तरों में उल्लिखित शर्तो/सीमाओं के अधीन,
	(1) किसी आबकारी मामले का पता लगाने के सम्बन्ध में होने वाले को पूरा करने के लिए	(1) जिलाधिकारी	पूर्ण अधिकार	(1) 249 (आई)
	(2) कानूनी वादों के लिए	(2) कार्यालयाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	(2) 249 (ई), इस और शर्त के अधीन कि दावा रिट दायर/विरोध करने की स्वीकृति समक्ष प्राधिकारी से प्राप्त की गयी हो।
	(3) आवश्यक आकस्मिक व्यय पूरा करने के लिए तथा किसी आपातकालीन दशा में अथवा जब मेलों और तमाशों में पुलिस के बडे दल नियुक्त किये जाते है अथवा जब डैकती गश्त पर बाहर भेजे जाते है, अराजपत्रित पुलिस अधिकारीयों तथा पुलिस के सिपाहियों का यात्रा व्यय पूरा करने के लिए	(3) पुलिस महानिरीक्षक	पूर्ण अधिकार	(3) ए(2) प्रत्येक मामले में 1,000 रू0 तक अथवा यथाआवश्यक शासन द्वारा निर्गत संशोधित धनराशि।
	(4) स्पेशल पुलिस फोर्स के संचालन से सम्बन्धित सम्भावित व्यय की पूर्ति कि लिए) स्पेशल पुलिस फोर्स के संचालन से सम्बन्धित सम्भावित व्यय की पूर्ति कि लिए	(4) पुलिस महानिरीक्षक (4) पुलिस अधीक्षक (4) पुलिस अधीक्षक	पूर्ण अधिकार पूर्ण अधिकार	
	(5) कास्टेबिलों के पदों के लिए कार्मिकों के वेतन के लिए।		पूर्ण अधिकार	
	(6) आपातकालीन मामलों में जैसे साम्प्रदायिक दंगा या अन्य शन्ति भंग प्रकरण अथवा डकैतियों में, अपने कार्य क्षेत्र के बाहर के सीनों पर ड्यूटी लगाये गये अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस के सिपाहियों से सम्बन्धित आकस्मिक व्यय की पूर्ति हेतु।जैसे साम्प्रदायिक दंगा या अन्य शन्ति भंग प्रकरण अथवा डकैतियों में, अपने कार्य क्षेत्र के बाहर के सीनों पर ड्यूटी लगाये गये अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस के सिपाहियों से सम्बन्धित आकस्मिक व्यय की पूर्ति हेतु।	(7) कमान्डेंट पी0एस0सी0 पी0एस0सी0	पूर्ण अधिकार	

	(7) आपातिक मामलों में पी0एस0सी0 के अराजपत्रित अधिकारियों तथा सिपाहियों के यात्रा भत्तों और अत्यन्त आवश्यक आकस्मिक व्यय के लिए। (8) आपतिक मामलों में उनके कार्यक्षेत्र में तैनात की गयी दूसरी बटैलियन की कम्पनी या दस्ते के यात्रा भत्ते आदि के व्ययों के लिए।		पूर्ण अधिकार	
11.	छोटे निर्माण कार्यो (पेटीवर्क्स) के सम्बन्ध में ठेकेदारों अथवा संवितरकों (डिसबर्सस) को अग्रिम स्वीकृत करना।	कार्यालयाध्यक्ष	पूर्ण अधिकार	वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–5, भाग–1 के अध्याय 13 के पैरा 312 में दी हुई शर्तो/समीओं के अधीन अथवा यथाआवश्यक शासन द्वारा निर्गत संशोधित धनराशि।
12.	स्थायी /अस्थायी अधिष्ठान के सदस्यों को उचन्त (इन्प्रेस्ट) स्वीकृत करना	अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई/लघु सिंचाई विभाग तथा ग्रामीण निर्माण विभाग	पूर्ण अधिकार	विभागीय निर्माण के सम्बन्ध में 10,000(दस हजार) तक तथा अन्य मामलों में उस सीमा तक जो आवश्यक समझी जाए किन्तु अधिकतम रू0 2,000(दो हजार तक और वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–6 के पैरा–166 और 166 में दी हुई शर्तो के अधीन अथवा यथाआवश्यक शासन द्वारा निर्गत संशोधित धनराशि।
13.	मेलों, प्रदर्शनियों, महामारियों तथा अन्य आपातिक स्थितियों से सम्बन्धित व्यय को पूरा करने के लिए अस्थाई अग्रिम धनराशियां स्वीकृत करना।	महानिदेशक, चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण।	पूर्ण अधिकार	प्रत्येक मामले में 20,000रू0(बीस हजार) तक
14.	राज्य अतिथियों के आगमन के सम्बन्ध में अपेक्षित व्यय करने हेतु विशेष अग्रिम स्वीकृत करना।	सम्बन्धित जिलाधिकारी	पूर्ण अधिकार	किसी एक अवसर पर 5000 रू0 (पांच हजार) की अधिकतम सीमा तक।

संख्या – /XXVII(7)36/2010-11

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवामें,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 देहरादूनः दिनांक 23 दिसम्बर, 2019

विषयः– उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिा भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन) में संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपको ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–61/XXVII;7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल,2018 द्वारा ''वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018'' का प्रख्यापन किया गया है।

2. वर्तमान में सामग्रियों, मजदूरी, ईंधन आदि की दरों में हुई वृद्धि तथा कार्य को सुचारू रूप से संचालित किये जाने एवं शासन स्तर पर छोटे–छोटे कार्यों की अनुमति हेतु विभिन्न स्रोतों से सन्दर्भ प्राप्त होने के दृष्टिगत विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष की वित्तीय परिसीमाओं में वृद्धि किये जाने के दृष्टिगत ''वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018) के परिशिष्ट–1 एवं भाग–2 में उपबन्धित वित्तीय अधिकारों में संलग्न परिशिष्टों के अनुसार संशोधन किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3. किसी भी प्राधिकारी को प्रतिनिहित किए गए वित्तीय अधिकार वित्त विभाग की विशिष्ट स्वीकृति के बना उस प्राधिकारी द्वारा किसी अधीनस्थ प्राधिकारी को पुनः प्रतिनिहित नहीं किए जायेंगे।

4. उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुस्तिका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन, 2018)में प्रतिनिहित अधिकार सम्बन्धी शासनाछेश संख्या–61/XXVII(7)36/2017 दिनांक 02 अप्रैल, 2018 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय एवं शासनादेश की शेष शर्तें/प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगी।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव।

<u>संख्या–**534** (1)/XXVII(7)36/2010-11, तद्दिनांक।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महालेखाकार,उत्तराखण्ड महालेखाकार भवन, कौलागढ़,देहरादून।
2. सचिव, श्री राज्यपाल,उत्तराखण्ड।
3. अध्यक्ष, राजस्व परिषद् उत्तराखण्ड।
4. महानिबन्धक,मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड।
5. मुख्य स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड ,नई दिल्ली।
6. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड,देहरादून।
7. मण्डलायुक्त,गढ़वाल/कुमायूँ।
8. समस्त जिलाधिकारी,उत्तराखण्ड।
9. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,उत्तराखण्ड।
10. निदेशक, कोषागार पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
11. निदेशक, लेखा परीक्ष आडिट, उत्तराखण्ड।
12. निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड।
13. समस्त मुख्या/वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
14. सस्त वित नियंत्रक/वित्त अधिकारी, उत्तराखण्ड।

15. संयुक्त निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायान की 250 प्रतियां पुस्तिका के रूप में तैयार कर यथाशीघ्र वित अनुभाग–, उत्तराखण्ड शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
16. निदेशक, आई.टी.डी.ए. को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन को राज्य की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
17. निदेशक, एन0 आईसी0, उत्तराखण्ड,देहरादून।
18. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव।

<u>**परिशिष्ट–1**</u>

उत्तराखण्ड वित्तीय हस्त पुसितका भाग–1 (वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन,2018 के अध्याय–04 (विभागध्यक्षों की सूची) परिशिश्ट–1 में अंकित विभागाध्यक्षों की सूची क्रमांक–105 के पश्यात निम्न विभागाध्यक्षों के नाम अगेत्तर सम्मिलित किये जाते हैः–

106. निदेशक, लेखा परीक्षा (आडिट), उत्तराखण्ड।
107. निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा योजना (श्रम चिकित्सा सेवाऐं), उत्तराखण्ड।
108. निदेशक, पं0 दीनदयाल उपाध्याय, सी.टी.आर.एफ., सुद्धोवाला,देहरादून।
109. आयुक्त, खाद्य संरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग।
110. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राज्य स्वास्थ्य अभिकरण, उत्तराखण्ड।

****

परिशिष्ट–2
अधीनस्थ प्राधिकारियों को प्रतिनिहित वित्तीय अधिकार

विवरण पत्र–1
आकस्मिक और प्रकीर्ण

विवरण पत्र–1'' आकस्मिक और प्रकीर्ण व्यय'' के अन्तर्गत क्रमांक–1(5) के कालम–5 के स्थान पर कालम–6 का प्रतिस्थापन एवं क्रमांक–26 के बाद क्रमांक–27 व 28 का जोड़ा जानाः–

क्र. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	वर्तमान परिसीमायें	वर्तमान परिसीमायें	संशोधित परिसीमायें
1	2	3	4	5	6
1	(ट)कम्प्यूटर उपकरण एवं उपस्कर,फोटोकॉपियर, वॉटर कूलर/प्यूरीफायर ए0सी0 आदि कार्यालय सम्बन्धी उपकरणों का अनुरक्षण/अनुबन्ध किया जाना।	1–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	प्रतिबन्ध यह है कि वार्षिक अनुरक्षण मूल निर्माता (OEM) अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि से किया जायेगा जिसकी दर क्रय मूल्य (करों को छोड़कर) की 8 प्रतिशत से अनाधिक होगी	अधिप्राप्ति के नियमों का पालन करते हुए एवं बजटीय सीमा में रहते हुए वार्षिक अनुरक्षण अनुबन्ध मूल निर्माता अधिकृत प्रतिनिधि से किया जायेग जिसकी दर क्रय मूल्य (करों को छोड़कर) की 10 प्रतिशत से अनधिक होगी।
		2–विभागध्यक्ष	पूर्ण अधिकारी		
		3–कार्यालयाध्यक्ष	एक समय में रू. 15,000/– (रू. प्रन्द्रह हजार) की सीमा के अन्तर्गत तथा एक वर्ष में रू. 1,00,000 (रू. एक लाख) तक की सीमा तक		

अन्य व्यय

क. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
27.	किसी विशिष्ट कार्य के लिए वाहय व्यावसायिक विशेषज्ञ,परामर्श देने वाली फार्मों आदि की सेवायें की स्वीकृति प्रदान करना।	1–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय– व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक।
		2–विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 10,00,000 / – (रू. दस लाख) तक	
		3– कार्यालयाध्यक्ष	रू0 5,00000 / –(रू. पॉच लाख) तक	
28.	वेब सर्विसेस, मोबाइल एप,पोर्टल डेवलपमेन्ट एवं इसका वार्षिक अनुरक्षण।	1–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय– व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक।
		2–विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में 10,00,000 / –(रू.दस लाख) तक	
		3– कार्यालयाध्यक्ष	रू.5,00000 / –(रू. पॉच लाख) तक	

विवरण पत्र–3

निर्माण कार्य सम्बन्धी व्यय

क. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा	वर्तमान परिसीमायें	संशोधित परिसीमायें
1	2	3	4	5
1	निर्माण कार्यों के ब्यौरेवार अनुमानों / अनुपूरक अनुमानों / पुनरीक्षित अनुमानों की प्राविधिक स्वीकृति प्रदान करना।	3– अधीक्षण अभियन्ता, विघुत एवं यांत्रिक, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई,ग्रामीण निर्माण विभाग।	3–रू. 40,00,000 / – (रू0 चालीस लाख) की सीमा तक।	3–रू. 50,00,000 / – (रू0 पचास लाख) की सीमा तक।
		3–अधिशासी अभियन्ता, विघुत एवं यांत्रिक, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई,ग्रामीण निर्माण विभाग।	3–रू. 8,00,000 / – (रू0 आठ लाख) की सीमा तक।	3–रू. 10,00,000 / – (रू0 दस लाख) की सीमा तक।

विवरण पत्र–4

ठेके और टेण्डर

क्र. स.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	वर्तमान परिसीमायें	वर्तमान परिसीमायें	संशोधित परिसीमायें
1	2	3	4	5	6
1.	1.(क)छोटे निर्माण कार्यों (पेटी वर्क्स) तथा लघु कार्यों (डपदवत ूवतो) की	1–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	पूर्ण अधिकार	(वित्तीय नियमों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के

	प्रशासकीय वित्तीय स्वीकृति				अनुसार तथा आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक)
		2– विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू. 5,00,000 / – (रू. पॉच लाख) तक	प्रत्येक मामले में रू. 10,00,000 / – (रू. दस लाख) तक	–तदैव–
		3– कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू. 1,50,000 / – (रू. एक लाख पचार हजार) तक	प्रत्येक मामले में रू. 5,00,000 / – (रू. पॉच लाख) तक	–तदैव–
2.	1.(ख)आउटसोर्सिंग से सफाई, सुरक्षा, माली, वाहन चालक, कम्प्यूटर आपेरेटर, टैक्नीशियन, कैन्टीन / मैस (भोजन व्यवस्था)पलम्बर, कारपेन्टर, इलेक्ट्रीशियन आदि की व्यवस्था के लिए टेण्डर / ठेके स्वीकृत करना।	1–प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	पूर्ण अधिकार	(वित्तीय नियमों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक)
		2– विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू. 10,00,000 / – (रू. दस लाख) तक	प्रत्येक मामले में रू. 25,00,000 / – (रू. पच्चीस लाख) तक	–तदैव–
		3– कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू. 1,50,000 / – (रू. एक लाख पचास हजार) तक	प्रत्येक मामले में रू. 10,00,000 / – (रू. दस लाख) तक	–तदैव–

3.	किसी स्वीकृत निर्माण अविा उसके किसी एक भाग के निष्पादन के लिए टेण्डर स्वीकृत करना।	2.(ख) अधीक्षण अभियन्ता,विघुत /यांत्रिक लोक निर्माण विभाग, सिंचाई,लघु सिंचाई,ग्रामीण निर्माण विभाग।	2–(ख) रू0 35,00,000/– (रू0पैंतीस लाख) की सीमा तक।	रू0 50,00,000/– (रू0 पचास लाख) की सीमा तक।	वित्तीय नियमों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय–व्यय में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक
		4– अधिशासी अभियन्ता (सिविल)ग्रामीण निर्माण विभाग।	रू0 40,00,000/– (रू0चालीस लाख) की सीमा तक।	रू075,00,000/– (रू0पहत्तर लाख) की सीमा तक।	–तदैव–
		5–अधिशासी अभियन्ता, विघुत /यांत्रिक लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, लघु सिंचाई, ग्रामीण निर्माण विभाग।	रू. 5,00,000/– (रू. पॉच लाख) की सीमा तक	रू. 10,00,000/– (रू. दस लाख) की सीमा तक	–तदैव–
		8– सहायक अभियन्ता विघु/यांत्रिक	रू. 2,00,000/– (रू. दो लाख) की सीमा तक	रू. 5,00,000/– (रू. पॉच लाख) की सीमा तक	–तदैव–

विवरण पत्र–4 ''ठेके और टेण्डर'' के अन्तर्गत बिन्दु संख्या–3 के पश्चात नया क्रमांक–4 का जोड़ा जाना।

क. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
4	बिना निविदा आमंत्रित किये गये कार्यादेश (वक्रआर्डर) पर आधारित निर्माण कार्य।	4–अधिशासी अभियन्ता	4– रू0 2,50,0000/–(रू0 दो लाख पचास हजार) तक	वित्तीय नियमों एवं उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उलिलक्षित प्रावधानो के अनुसार तथा आय व्यक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक

विवरण पत्र–5

भण्डार (स्टोर्स) तथा अन्य चल सम्पत्ति

विवरण पत्र–5'' भण्डार (स्टोर) तथा अन्य चल सम्पत्ति'' के अन्तर्गत बिन्दु संख्या–4 (ख)'' ओजारों और संयत्र की मरम्मत के लिए अनुमान स्वीकृत किया जाना'' के क्रमांक–3 के पश्चात नया क्रमांक–4 को जोड़ा जाना।

क. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
4	(ख) औजारों और संयत्र के लिए मरम्त के लिए अनुमान स्वीकृत किया जाना।	4–अधिशासी अभियन्ता वि0/यां0	4– रू0 60,000/– (रू0 साठ हजार)	–

विवरण पत्र–8
अग्रिम धनराशियों

विवरण पत्र–8 ''अग्रिम धनराशियॉ'6 के अनतग्रत बिन्दु संख्या–8 व बिन्दु संख्या–9 का संशोधन तथा क्रमांक–14 के बाद क्रमांक–15 नया जोड़ा जाना।

क्र. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जायेगा	वर्तमान परिसीमायें	वर्तमान परिसीमायें	संशोधित परिसीमायें
1	2	3	4	5	6
8	चिकित्सा प्रतिपूर्ति	1– प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	पूर्ण अधिकार	चिकित्सा विभाग द्वारा समय– समय पर निर्धारित मानक एवं प्रक्रिया अनुसार 75: की सीमान्तर्गत बजटीय प्राविधानों के अधीन।
		2–विभागाध्यक्ष	रू. 5,00,000 / – (रू. पॉच लाख) तक	रू. 10,00,000 / – (रू. दस लाख) तक	
		3– कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू. 1,50,000 / – (रू. एक लाख पचास हजार) तक।	प्रत्येक मामले में रू. 3,00,000 / – (रू. तीन लाख) तक।	
9	कार्यालय व्यय	1– प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	पूर्ण अधिकार	उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय–व्ययक में निर्धारित मानक मदों में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक।
		2–विभागाध्यक्ष		रू. 5,00,000 / – (रू. पॉच लाख) तक	
		3– कार्यालयाध्यक्ष		रू. 1,00,000 / – (रू. एक लाख) तक।	

अग्रिम धनराशियॉ

क. सं.	अधिकार का प्रकार	किसके द्वारा प्रयोग किया जाएगा	परिसीमायें	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5
15.	प्रशिक्षण सम्बन्धी व्यय हेतु अग्रिम स्वीकृत करना।	1– प्रशासकीय विभाग	पूर्ण अधिकार	उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार तथा आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि की सीमा तक।
		2–विभागाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू0 10,00,000 / – (रू.दस लाख) तक	
		3– कार्यालयाध्यक्ष	प्रत्येक मामले में रू0 5,00,000 / – (रू.पांच लाख) तक	

नोट– सभी अधिप्राप्तियों के लिए प्रोक्योरमेन्ट रूल्स एवं बजट मैनअल तथा Gem Portal के लिये GFR 149 के नियमों का अनुपालन बाध्यकारी होगा।

2.3 उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा सेवा नियमावली, 2021

उत्तराखण्ड शासन,
पशुपालन अनुभाग–1
संख्या–1471(1)/ XV- 1/21/2(6)2006
देहरादून : दिनांक सितम्बर 29 2021

अधिसूचना

अधिसूचना संख्या–1471(1)/ XV- 1/21/2(6)2006 दिनॉक 29 सितम्बर, 2021 द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा सेवा नियमावली, 2021 की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. समस्त अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव, उत्तराखण्ड शास।
4. समस्त विभगाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
5. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
6. महानिबन्धक, उत्तराखण्ड, मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल।
7. प्रमुख स्थानिक आयुक्त, उत्तराखण्ड, नई दिल्ली।
8. सचिव, विधान सभा, उत्तराखण्ड।
9. उत्तराखण्ड सचिवालय के समस्त अनुभाग।
10. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
11. निदेशक, कोषागार पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड देहरादून।
12. निदेशक/अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड।
13. समस्त मुख्य/वरिष्ठ/कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
14. उपनिदेशक राजकीय मुद्रणालय रूड़की को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इस अधिसूचना को राजपत्र में प्रकाशित करते हुए प्रकाशित अधिसूचना की 300 प्रतियॉ इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
15. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, उत्तराखण्ड एकक, देहरादून।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(आर0 मीराक्षी सुन्दरम)
सचिव

उत्तराखण्ड शासन,
पशुपालन अनुभाग–1
संख्या–1471(1)/XV- 1/21/2(6)2006
देहरादून : दिनांक सितम्बर 29 2021

अधिसूचना

प्रकीर्ण

राज्यपाल ''भारत का संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस विषय में विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करते हुए पशु चिकित्सा सेवा में भर्ती और उसमें नियुक्त व्यक्तियों की सेवा शर्तो को विनियमित करने के लिये निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा सेवा नियमावली, 2021

भाग–एक–सामान्य

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भः–**

(1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम **उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा सेवा नियमावली, 2021** है।

(2) यह तत्काल प्रभावी होगी।

2. **सेवा की प्रास्थितिः–**

उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा सेवा एक राजपत्रित सेवा है, जिसमें समूह **'क'** व **'ख'** के पद सम्मिलित हैं।

3. **परिभाषायें:–**

जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में:–

(क) **'नियुक्त प्राधिकारी''** से राज्यपाल अभिप्रेत हैय

(ख) **''संवर्ग''** से पशु चिकित्सा सेवा ''क एवं ''ख'') के पद अभिप्रेत है।

(ग) **''आयोग''** से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अभिप्रेत हैय

(घ) **''संविधान''** से भारत का संविधान अभिप्रेत हैय

(ड) **''सरकार''** उत्तराखण्ड की राज्य सरकार अभिप्रेत हैय

(च) **''राज्यपाल'** से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत हैय

(छ) **''सेवा का सदस्य''** से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली, या इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पूर्व नियमों या आदेशों के उपबन्धों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत हैय

(ज) **''सेवा''** से उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा सेवा अभिप्रेत है।

(झ) **''मौलिक नियुक्ति''** से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमों के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो, और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी होय

(ञ) **''भर्ती का वर्ष''** से किसी कैलेन्डर वर्ष की पहली जुलाई के प्रथम दिवस से आरम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग–दो–संवर्ग

4. सेवा संवर्गः–

4. (1) सेवा में अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जितनी सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित की जाय।

(2) सेवा में अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक उपनियम (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तित न की जाए, उतनी होगी, जिनती **परिशिष्ट–'क'** में दी गयी है।

परन्तु –

(i) नियुक्ति प्राधिकारी किसी रिक्त पद को खाली छोड़ सकेंगे अथवा किसी पद को इस प्रकार प्रास्थागित कर सकेंगे, कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगाः

(ii) राज्यपाल ऐसे स्थाई एवं अस्थाई पदों का सृजन कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग–तीन–भर्ती

5. भर्ती का स्रोत :–

सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी–

(i) निदेशक –

मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे अपर निदेशकों/समकक्ष में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 02 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा कुल 25 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो, श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(ii) अपर निदेशक –

मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे निदेशक/परियोजना निदेशक/रोग अनुसंधान अधिकारी/रजिस्ट्रार उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा परिषद/मुख्य पशु चिकित्साधिकारी में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में 04 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो तथा कुल 20 वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो, श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(iii) संयुक्त निदेशक/परियोजना निदेशक/ रोग अनुसंधान अधिकारी/रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद/ मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी –

मौलिक रूप से नियुक्त ऐसे उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी ग्रेड–1 में से, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को 07 **वर्ष** की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो, तथा 15 वर्ष की अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(iv) उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी/ पशु चिकित्सा अधिकारी,ग्रेड–1/समकक्ष पद –

उत्तराखण्ड राज्य पशुपालन विभाग के पशुचिकित्सा अधिकारी, ग्रेड–2 के ऐसे स्थाई सदस्यों में से, जिन्होनें भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में न्यूनतम 08 **वर्ष** की निरन्तर सेवा पूर्ण कर ली हो, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा।

(v) पशुचिकित्सा अधिकारी ग्रेड–2 –

(क) 95 **प्रतिशत्** आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा।

		संयुक्त निदेशक (सामान्य प्रशासन)	उप निदेशक (पशु प्रजनन)	मुख्य सहायक–01 कनिष्ठ सहायक–01 (पत्रावलियां प्रशासनिक अधिकारी स्थापना अ के माध्यम से व्यवहृत / परिचालित होंगी)	**स्थापना ब**–समूह ग एवं समूह घ से सम्बन्धित सम्पूर्ण कार्य यथा व्यक्तिगत पत्रावलियों, वार्षिक चरित्र प्रविष्टियों का रख–रखाव, नियुक्ति, स्थानान्तरण, पदोन्नति, कोर्ट केश, पेंशन, सेवानिृवत्ति, अवकाश प्रकरण, संवर्गो की ज्येष्ठता, प्रोन्नत वेतनमान, स्थाईकरण, अनुशासनात्मक कार्यवाही/जांच एवं श्रेणी–ग तथा घ से सम्बन्धित समस्त प्रकरणों का उच्च स्तर को अग्रसारण, स्थापना अ, ब तथा स से सम्बन्धित समस्त मासिक, त्रैमासिक एवं बैठकों आदि की सूचनाओं का संकलन एवं प्रेषण। प्रत्येक माह की 03 तारीख तक विभाग में वर्गवार/संवर्गवार कार्यरत एवं भरे पदों का मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आदि।
2	सामान्य अनुभाग	संयुक्त निदेशक (सामान्य प्रशासन)	उप निदेशक (प्रोजेक्ट फोरमुयूलेशन)	कनिष्ठ सहायक–02	**पत्र प्राप्ति/प्रेषण अनुभाग**–बाहर से आने वाले सभी पत्रों को प्राप्त करना, तथा मार्क करने हेतु वैयक्तिक सहायक के माध्यम से अपर निदेशक मुख्यालय को प्रस्तुत करना डाक मार्क होने के उपरान्त उन्हें प्राप्ति पंजिका में अंकित करना, सम्बन्धित अनुभाग के कार्मिकों को प्राप्त कराते हुये सम्बन्धित उत्तरदायी अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत करना, कार्यालय से बाहर जाने वाली समस्त डाकों को समयान्तर्गत प्रेषित करना, लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा प्रश्नों/शासन स्तर से प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण पत्रों को पृथक से पंजिकाओं में अंकित करने व कार्यवाही की तिथि अंकित करने सम्बन्धी समस्त कार्य, शासकीय डाक टिकट पंजिका का समय–समय पर सम्बन्धित अधिकारी से सत्यापन

					कराना तथा माह में प्राप्त एवं लम्बित पत्रों की जानकारी समय–समय पर उपलब्ध कराना आदि।
2.1	**सामान्य अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (सामान्य प्रशासन)	उप निदेशक (पशु प्रजनन)	कनिष्ठ सहायक–01	**प्रशिक्षण / पुस्तकालय**–विभाग में समय–समय पर दक्षता वृद्धि एवं तकनीकी जानकारियों के सम्प्रेषण हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन एवं प्रशिक्षण सम्पादित कराना, पुस्तकालय सम्बन्धी समस्त कार्य, कार्यवाहियां तथा समस्त अनुभागों में तैयार किये जाने वाले विभिन्न प्रोजेक्टों / प्रस्तावों पर सहायता प्रदान करना तथा तहसील दिवस तथा प्रशासन चला गांव की ओर तथा भवनो का निर्माण लोकापर्ण शिलान्यास आदि।
3	**पशुधन / तकनीकी अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (रोग नियत्रंण एवं आपदा प्रबन्धन)	उप निदेशक	प्रशासनिक अधिकारी–01 प्रवर सहायक–01 कनिष्ठ सहायक–01	**पशुधन (एक)**– आपदा प्रबन्धन, समय–समय पर होने वाली दैवीय अपादाओं के फलस्वरूप आपदा प्रबन्धन कार्यो का सम्पादन जैसे बचाव, टीमें गठित करना, आपदा राहत प्रकोष्ठ गठित करना, राहत एवं बचाव कार्य के लिए आवश्यक क्षतिपूर्ति का आंकलन करना एवं प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराना तथा प्रत्येक माह की 03 तारीख तक आर0पी0, आपदा से सम्बन्धित मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आदि। राज्य में स्थापित रोग निदान से सम्बन्धित प्रयोगशालाओं की प्रगति तैयार करना तथा उच्चाधिकारियो के समयान्तर्गत प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। जलवायु परिवर्तन, आत्मा तथा जलागम से सम्बन्धित बैठको में भाग लेना सुनिश्चित करे।
3.1	**पशुधन / तकनीकी अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (कुक्कुट विकास)	उप निदेशक (कुक्कुट विकास)	प्रशासनिक अधिकारी–01 प्रवर सहायक–01	**पशुधन (दो)**–कुक्कुट विकास सम्बन्धी बजट के सापेक्ष भौतिक उपलब्धियां सुनिश्चित कराना,कुक्कुट प्रक्षेत्रों, सघन कुक्कुट विकास परियोजनाओं, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभार्थियों हेतु संचालित योजनाओं का अनुश्रवण, कियान्वयन, मासिक / त्रैमासिक / वार्षिक प्रगति की निरन्तर समीक्षा तथा वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना, कुक्कुट विकास से सम्बन्धित योजनाओं की संरचना तैयार कर प्रोजेक्ट तैयार करना, नाबार्ड सी0एण्ड एस0, ग्रामीण कुक्कुट विकास से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन एवं समीक्षा आदि कार्यो का सम्पादन करना। कुक्कुट प्रक्षेत्रों हेतु एस.ओ.पी. तैयार करना, मृत्यु दर एवं अण्डा उत्पादन में वृद्वि हेतु मार्गदर्शन करना विशिष्ट व्यक्तियों की घोषणाओं के क्रियान्वयन में सहायता करना। प्रत्येक माह की 03 तारीख तक आई0पी0डी0पी0, कुक्कुट प्रक्षेत्रों, बैकयार्ड कुक्कुट इकाईयों को वितरित चूजों से सम्बन्धित मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आदि।
3.2	**पशुधन / तकनीकी अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (पशुपोषण एवं चारा विकास)	उप निदेशक (पशुपोषण एवं चारा विकास) कुक्कुट (आर०के०वी०वाई० से सम्बन्धित)	मुख्य सहायक–01 कनिष्ठ सहायक–01 (पत्रावलियां प्रशासनिक अधिकारी पशुधन–एक के माध्यम से व्यवहृत / परिचालित होंगी)	**पशुधन (तीन)**–पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश की भांति उत्तराखण्ड में आवश्यक सुलर, शासनादेशों जैसे पशुओं के पुस्तकीय मूल्य का निर्धारण, नीलामी, विपणन, अधिकारों का प्रतिनिधायन, विभागीय प्रक्षेत्रों के सम्बन्ध में वित्तीय अधिकारों का प्रतिनिधायन (नीलामी / लेवी आदि) प्रक्षेत्रों के पशुधन के विपणन / नीलामी व अन्य आवश्यक तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति सम्बन्धी कार्यो का सम्पादन, चारा विकास सम्बन्धी समस्त कार्यो का सम्पादन तथा मासिक / त्रैमासिक प्रगति विवरण की समीक्षा उच्च स्तर को प्रेषित कराना। प्रत्येक माह की 03 तारीख तक वन पंचायत, चारा बैंकों, राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाओं, पशु पोषण प्रयोगशाला, भेड़ फार्मो एवं केन्द्रों आदि की मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना। प्रोजेक्ट तैयार करने से सम्बन्धित समस्त कार्यवाही पूर्ण करना।राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की प्रगति की समीक्षा एवं प्रोजेक्ट आदि तैयार कराना। विभाग के विभिन्न कोर्ट केशों हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए कोर्ट केशों से सम्बन्धित समस्त प्रकरणों पर उचित कार्यवाही करते हुए प्रकरणों के निस्तारण आदि में समयान्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित कराना। राज्य मे

					स्थित समस्त ऊन विश्लेषण प्रयोगशाला पशुलोक की नियमित समीक्षा करना तथा समीक्षा रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराना। कुक्कुट के अतिरिक्त अन्य छोटे पशुओं से सम्बन्धित समस्त कार्य भूमि, भवन सम्बन्धी प्रगति तैयार करना, पशु कल्याण बोर्ड एवं गौ सेवा आयोग के कार्यो की प्रगति समीक्षा, राज्य में कार्यरत भेड़, बकरी एवं अंगोरा शशक से सम्बन्धित प्रक्षेत्रों की मासिक प्रगति के अनुसार समीक्षा कर प्रगति समीक्षा उच्च स्तर को उपलब्ध कराना। ऊन विक्रय निस्तारण, भेड़ बोर्ड की नियमित समीक्षा व सूचना प्राप्त करना भेड बकरी अंगोरा शशक प्रक्षेत्रों हेतु एस. ओ.पी. तैयार करना आदि।
3.3	**पशुधन / तकनीकी अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (पशुप्रजनन)	उप निदेशक (पशुप्रजनन)	प्रवर सहायक–01 (पत्रावलियां प्रशासनिक अधिकारी पशुधन–दो के माध्यम से व्यवहृत / परिचालित होंगी)	**पशुधन (चार)**–पशु प्रजनन एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, प्राकृतिक गर्भाधान सम्बन्धी समस्त कार्य तथा तत्सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त कार्य, नियमित रूप से मासिक प्रगति समीक्षा व उच्च स्तर को प्रेषित कराना, यू0एल0डी0बी0 के अन्तर्गत सम्पादित समस्त कार्यो की रिपोर्ट तैयार करना, प्रोजेक्ट तैयार करना। उत्तराखण्ड पशुधन विकास परिषद की प्रगति के आधार पर संक्षिप्त टिप्पणी तैयार करना, प्रत्येक कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों, नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों की समीक्षा तथा उत्पन्न संतति का सत्यापन कराना तथा माननीय मुख्यमत्री की घोषणाओं का अनुपालन सुनिश्चित करना तथा पशुआहार सैम्पल की जांच करना आदि।
3.4	**पशुधन / तकनीकी अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (उपार्जन)	उप निदेशक (उपार्जन)	मुख्य सहायक–01 कनिष्ठ सहायक–01 (पत्रावलियां आवश्यकतानुसार प्रशासनिक अधिकारी	**पशुधन (पांच)**–दवा, औषधि, उपकरण आदि की क्रय की कार्यवाही से सम्बन्धित समस्त कार्य एवं समय–समय पर गुणवत्ता जांच, निरीक्षण आदि कार्य, रिन्डर पेस्ट रोग उन्मूलन, पशु रोग पर नियत्रंण हेतु राज्य को सहायता, एस्कैड, एन०आर0ई0पी0, बर्ड फ्लू आदि की समीक्षा एवं इन से सम्बन्धित लैब के कार्यो की प्रत्येक माह नियमित समीक्षा करना तथा प्रत्येक माह की 03 तारीख तक बर्ड फ्लू, एस्कैड का मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना तथा मासिक प्रगति अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आदि।
				पशुधन–दो के माध्यम से व्यवहृत / परिचालित होंगी)	
4	**नियोजन अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (नियोजन)	उप निदेशक (प्रोजेक्ट फोरमुयूलेशन)	मुख्य प्रशासनिक अधिकारी–01 प्रवर सहायक–01	**नियोजन (एक)**–वार्षिक / पंचवर्षीय योजनाओं की संरचना तथा प्रस्तुतीकरण, आयोजनागत आय–व्ययक तैयार करना, बजट फांट, व्ययाधिक एवं बजट विवरण / समर्पण करना, परिव्यय के अनुरूप नये प्रस्तावों पर स्वीकृति प्राप्त करना, अनुपूरक मांग के प्रस्ताव शासन को भेजना एवं उन पर स्वीकृति प्राप्त करना। प्रत्येक माह की 03 तारीख तक नियोजन से सम्बन्धित मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना। सहकारिता से सम्बन्धित विभिन्न बैठको मे भाग लेना तथा आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। नावार्ड आजीविका से सम्बन्धित बैठको में भाग लेना तथा अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना।
4.1	**एन.ए.डी. आर.एस.**	संयुक्त निदेशक (नियोजन)	उप निदेशक (प्रोजेक्ट फोरमुयूलेशन)	मुख्य सहायक–01 प्रवर सहायक–01 (पत्रावलियां प्रशासनिक अधिकारी नियोजन के माध्यम से व्यवहृत / परिचालित होंगी)	**नियोजन (दो)**–शासन स्तर को भेजे जाने वाले मासिक प्रगति प्रतिवेदनों को तैयार कर उच्च स्तर को प्रेषित करना, समय–समय पर होने वाली बैठकों की सूचना तैयार करना। महानुभावों से सम्बन्धित सूचना तैयार करना तथा प्रत्येक माह की 03 तारीख तक इसकी स्टेटस रिपोर्ट / मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना आदि।
5	**सूचना अनुभाग**	अपीलीय अधिकारी निदेशक लोक सूचना अधिकारी– अपर निदेशक	सहायक लोक सूचना अधिकारी / वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	प्रवर सहायक–01	विभाग के अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के मैनुअल का रख–रखाव, सूचना प्रेषण, अपीलों का निस्तारण, प्रशासनिक सुधार आयोग से सम्बन्धित समस्त सूचनाओं का प्रेषण एवं कियान्वयन आदि।

		मुख्यालय			
5.1	**सूचना अनुभाग**	संयुक्त निदेशक (नियोजन)	उप निदेशक (एम0आई0एस0)	कनिष्ठ सहायक–01	एम0आई0एस0 के अन्तर्गत सूचनाओं का संकलन/निष्पादन तथा वैबसाईट सम्बन्धी कार्य, समय–समय पर पुस्तिकाओं के प्रकाशन सम्बन्धी कार्यवाहियां आदि।
6	**लेखा अनुभाग**	वित्त अधिकारी	सहायक लेखाधिकारी	लेखाकार–01 सहायक लेखाकार–01 प्रवर सहायक (कैशियर) –01	**लेखा (बजट)**–आयोजनेत्तर पक्ष में कार्यरत विभागीय संस्थाओं, कार्मिकों के अधिष्ठान आदि की व्यवस्था हेतु आय–व्यय अनुमान तैयार करना, बजट फांट, व्ययाधिक एवं बचत विवरण, पुर्नविनियोग प्रस्ताव, अन्तिम समर्पण विवरण आदि शासन को प्रस्तुत करना, भवन किराये के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान करना, महामहिम राज्यपाल से सम्बन्धित सूचना आयोजनागत/आयोजनेत्तर व्यय आय– विवरण तैयार कर उच्च स्तर को प्रेषित करना, महालेखाकार कार्यालय से आय–व्यय का मिलान एवं विनियोग लेखा सम्बन्धी कार्य, समायोजन लेखा प्रस्तुत करना। प्रत्येक माह की 03 तारीख तक आयोजनागत एवं आयोजनेत्तर मद में आवंटित बजट के सापेक्ष व्यय की गई धनराशि का मासिक प्रगति प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करना। मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों के प्रत्येक माह वेतन आहरण हेतु कोषागार को स्थापना से प्राप्त उपस्थिति के अनुसार प्राप्त सूचनाओं को कोषागार में उपलब्ध कराते हेतु तद्नुसार आवश्यक संशोधन हेतु कार्यवाही करना आदि।
6.1	**लेखा अनुभाग**	वित्त अधिकारी	सहायक लेखाधिकारी	सहायक लेखाकार–01 प्रवर सहायक (स्टोर)–01 (पत्रावलियां लेखाकार के माध्यम के माध्यम से व्यवहृत/परिचालित होंगी)	**लेखा (सामान्य)**–विभिन्न प्रकरणों पर समय–समय पर विभागीय अधिकारियों को वित्तीय स्वीकृतियां, कार्यालय/श्रेणी–एक के अधिकारियों के यात्रा–भत्ता बिलों पर प्रतिहस्ताक्षर कराना, समस्त जी0पी0एफ0 रख–रखाव, स्वीकृति, लिंक इंश्योरेंस, प्री आडिट, सी0पी0एफ0, लेखा रख–रखाव, वित्त आयोग की सूचना, कार्यालय के वेतन बिलों, यात्रा बिलों को तैयार कराना, कार्यालय आडिट एवं कार्यालय स्टोर सम्बन्धित समस्त कार्य, आयकर विवरण आदि तैयार कर आहरण वितरण अधिकारी से हस्ताक्षर कराकर आवश्यक कार्यवाही करना आदि।
6.2	**आडिट अनुभाग**	वित्त अधिकारी	सहायक लेखाधिकारी	ज्येष्ठ लेखा परीक्षक–01 लेखा परीक्षक–02	**लेखा (आडिट)**–विभागीय संस्थाओं का आडिट करना तथा आडिट रिपोर्टो का अनुपालन, अनुश्रवण, यिान्वयन, ड्राफ्ट पैराओं का निस्तारण, महालेखाकार से सम्बन्धित पैराओं पर आख्या, अनुपालन, निस्तारण, डिी आदि की कार्यवाही करना। वेतन निर्धारण, पेंशन निर्धारण एवं यात्रा भत्ता बिलों आदि से सम्बन्धित प्रकरणों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करना आदि।

7	**सांख्यिकी अनुभाग**	उप निदेशक सांख्यिकी/उप निदेशक (प्रोजेक्ट फोरमुयूलेशन)	संख्याविद	अपर संख्याधिकारी–05 सहायक संख्याधिकारी–05 संगणक/डाटा एन्ट्री आपरेटर–04	**संख्या एक**–वार्षिक सर्वेक्षण कार्य **संख्या दो**–पशुगणना से सम्बन्धित कार्य **संख्या तीन**–विभिन्न अनुभागों द्वारा उपलब्ध करायी गयी प्रगति सम्बन्धी सूचना की समीक्षा/संकलन आदि। उपरोक्त के अतिरिक्त शासन स्तर को प्रेषित की जाने वाली समस्त विभागीय प्रगति प्रतिवेदनों को पशुधन अनुभाग से प्राप्त कर संकलन के उपरान्त तैयार कर प्रत्येक माह प्रेषित करना।

नोटः–उक्त के अतिरिक्त समस्त अनुभागों में किये जा रहे कार्यो की स्थाई सूचनाओं के रूप में रख–रखाव हेतु आवश्यकतानुसार पंजिकाओं का रख–रखाव एवं विभागाध्यक्ष द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट अन्य कार्यो का सम्पादन सुनिश्चित करना।

उक्त दायित्वों एवं कर्तव्यों में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है। उपरोक्त कार्य विभाजन व्यवस्था के अनुरूप समस्त अनुभागों की पत्रावलियों का निस्तारण ऊपर अंकित व्यवस्था म के अनुसार अपर निदेशक मुख्यालय के माध्यम से व्यवहृत किया जायेगा।

उपरोक्त उत्तरदायी अधिकारी उत्तराखण्ड सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के माध्यम से अपने अपने अनुभागों से सम्बन्धित सूचनाओं का प्रेषण लोक सूचना अधिकारी मुख्यालय को समयान्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें तथा वे सूचना संकलन/प्रेषण हेतु उत्तरदायी होगें।

समस्त अनुभागों के उत्तरदायी अधिकारी प्रत्येक माह की मासिक प्रगति,शासन द्वारा जारी विभागीय शासनादेशों,महत्वपूर्ण पत्रों/निर्देशों को हार्ड/सांफ्ट कापी में उप निदेशक एम.आई.एस को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायेगें।

समस्त पत्रावलियां अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़ कर अधोहस्ताक्षरी के वैयक्तिक सहायक के माध्यम से हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत की जायेंगी जिनके द्वारा हस्ताक्षरोपरान्त पत्रावलियां सम्बन्धित अनुभाग को प्रेषित की जायेंगी।समस्त अनुभाग के कार्मिक सम्बन्धित अधिकारी को अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षरोपरान्त अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

वैयक्तिक सहायक स्वागत अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे तथा समस्त आगन्तुकों को निदेशक से मिलाने का कार्य, निदेशक के भ्रमण कार्यक्रम को तैयार करना, भ्रमण उपरान्त निरीक्षण टिप्पणी तैयार कर प्रेषित करना, फोन तथा फैक्स का संचालन एंव अंकन, विभिन्न बैठकों से सम्बन्धित सूचना सम्बन्धित अनुभागों से प्राप्त कर बैठक से पूर्व उपलब्ध कराना आदि। मुख्यालय के समस्त कार्मिकों के आकस्मिक अवकाश सम्बन्धी लेखा–जोखा अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त तैयार करना तथा प्रत्येक माह अवकाश लेखा का सत्यापन अपर निदेशक मुख्यालय से कराना भी सुनिश्चित किया जायेगा।

सभी कार्मिक अपने से सम्बन्धित टंकण का कार्य स्वयं करेंगे। मुख्यालय में रिक्त पदों को भरने के उपरान्त सभी अनुभागों में उक्तानुसार कार्मिकों की पूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी साथ ही अनुभागों के अनुसार कार्मिकों का विभाजन चीय प्रणाली (रोटेशन पोलिसी) के अन्तर्गत पृथक से किया जायेगा।

यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होंगे तथा इसका अनुपालन कड़ाई के साथ सुनिश्चित किया जाय।

(डा0 कमल मेहरोत्रा)
निदेशक/विभागाध्यक्ष
पशुपालन विभाग उत्तराखण्ड।

2.5 वेटनरी फार्मेसिस्टों के निम्नवत कर्तव्यों/दायित्वों का निर्धारण

संख्या–1681/XV-1/21-7(21)2021

प्रेषक,

आर0 मीनाक्षी सुन्दरम,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

पशुपालन अनुभाग–1 देहरादूनः दिनॉक 29 दिसम्बर, 2021

विषयः– वेटरिनरी फार्मेसिस्ट के कर्तव्य एवं दायित्यों में संशोधन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–1714/स्था0एक/वे0फा0 (क0दायित्व)/ 2021–22 दिनॉक 18 अगस्त 2021 तथा पत्र संख्या–2684/स्था0एक/वे0फा0(क0दायित्व) /2021–22 दिनॉक 18 अक्टूकर, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने क कष्ट करें, जिसके माध्यम से वेटरिनरी फार्मेसिस्ट के कर्तव्य एवं दायित्वों में संशोधन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. इस संबंध में वेटरिनरी फार्मेसिस्ट के कर्तव्य एवं दायित्वों के पूर्व शासनादेश संख्या–701/पशुपालन/2002 दिनॉक 16 दिसम्बर, 2002 को अवक्रमित करते हुए मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि उत्तराखण्ड में कार्यरत वेटरिनरी फार्मेसिस्टों के कर्तव्यों/दायित्वों का निर्धारण निम्नवत् किया जाता है :–

1. पशुचिकित्सा अधिकारी द्वारा लिखे गये नुस्खों के अनुसार मरीज पशुओं को औषधि, दवा की मात्रा का निर्धारण करना।
2. उपचार के दौरान अन्य सहायकों की सहायता से पशुओं को गिराकर उपचार में सहयोग करना तथा वाह्य एवं अन्तर आवासीय बीमार पशुओं के लिए दवाइयां बांटना।
3. पशुचिकित्सालय में लाये गये मरीज पशुओं की मरहम पट्टी करना।
4. दवाईयां/उपकरण/मरहम पट्टी आदि के भण्डार का प्रभारी होगा।
5. पशुचिकित्सा अधिकारी को शल्य क्रिया में सहायता करना।
6. बीमार पशुओं को दवाइयां एवं इंजेक्शन लगाना।
7. पशुचिकित्सालय में अन्तर आवासीय बाह्य आवासीय मरीज पशुओं के रिकार्ड/अभिलेख अध्यावधिक रखना। उपकरण, औषधियों, मरहम पट्टी के भण्डार का उचित लेखा–जोखा रखना यदि उसमें किसी भी प्रकार की कमी हो तो पशुचिकित्सा अधिकारी को सूचना देंगे।
8. पशुचिकित्सालय को सहायकों की सहायता से साफ सुथरा रखना।
9. दवाइयों के समाप्त होने पर रजिस्टर का प्रतिपादन करना एवं आगामी छः माह के अन्दर समाप्त होन वाली अन्तिम तिथि को होने वाली औषधियों के बारे में पशुचिकित्सा अधिकारी को सूचित करना।
10. पशुचिकित्सालय के औचारों तथा साज–सामान को साफ सफाई के साथ उचित ढंग से रखना।
11. चारा बीजों एवं कुक्कुट आहार वितरण के अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रख–रखाव करना।
12. पशुचिकित्साधिकारी के अनुपस्थित एवं अवकाश की स्थिति में उनके समस्त कार्यो का सम्पादन करना एवं पशुचिकित्सालय के प्रभारी का उत्तरदायित्व निभाना।
13. पशुचिकित्सालय पर कृत्रिम गर्भाधान सम्पन्न कराना तथा प्रयोगशाला को साफ सुथरा रख कर रखाव कराना।

14. कृत्रिम गर्भाधान, भण्डार तथा अभिलेखों के लिए उत्तरदायी होंगे।

15. पशुचिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति में या कार्य की व्यस्थता में निम्नलिखित निर्देशों का पालन करेगा

1. आपातकालिक पशुरोगी का प्राथमिक उपचार करना।

2.रोगी पशु के घाव की मरहम पट्‌टी करना व टांका लगाना तथा इंजेक्शन लगाना आदि।

16. पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत पशुजन्य पदार्थो का ॠतुवार सर्वेक्षण एवं पशुगणना का कार्य करना।

17. पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत टीकाकरण का कार्य करना।

18. उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर सौंपे गये अन्य कार्यो का सम्पादन करना।

3 उपरोक्त आदेशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय

(आर0 मीनाक्षी सुन्दरम)
सचिव

संख्या (1)/XV-1/21-7(21)2021 ,एवं तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल।
2. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।
3. संयुक्त निदेशक/रजिस्ट्रार, उत्तराखण्ड पशुचिकित्सा परिषद, देहरादून।
4. समस्त परियोजना निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(प्रदीप जोशी)
संयुक्त सचिव

उत्तराखण्ड शासन
पशुपालन अनुभाग–01
सख्या–1469/XV-1/22-4(5)/2022
देहरादून : दिनॉक 12 अक्टूबर, 2022

कार्यालय आदेश

मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल अन्य में संस्थित रिट याचिका–125/एस0एस0/2022 उत्तराखण्ड डिप्लोमा पशुचिकित्सा फार्मासिस्ट संघ बनाम राज्य एवं अन्य में मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा दिनॉक 13 जुलाई, 2022 को निम्न आदेश पारित किये गये हैं:–

" Since it is for the employer to decide which duties are to be assigned to a particular cadre of judicial interference in these matters is very limited, however, having regard to the facts of the case and also in view of the stand taken in the counter affidavit, the writ petition is disposed of with liberty to petitioners to make representation to Secretary, Animal Husbandry Department.

if petitioners make such representation within two weeks from taday, the concerned secretary shall look into the matter and pass appropriate order, as per low, within a period of ten weeks' from the date of receipt of representation along with certified copy of the order"

2– उक्त के क्रम में उत्तराखण्ड पशु चिकित्सा फार्मासिस्ट संघ के प्रत्यावेदन दिनॉक 13 सितम्बर, 2022 एवं निदेशक, पशुपालन विभाग के पत्र संख्या–3563/स्था0 एक/वे0फा0(क0 दायित्व)/2022–23 दिनॉक 14 सितम्बर, 2022 के क्रम मे शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरांत लिये गये निर्णय के आधार पर शासनादेश संख्या–1681/XV-1/21-7(21)/2021 दिनॉक 29 दिसम्बर, 2021 के बिन्दु संख्या–16 को निम्नवत् संशोधित किया जाता है।

" जिन पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत पशुधन प्रसार अधिकारी उपलब्ध न हो, उन्हीं पशुचिकित्सालय क्षेत्रान्तर्गत वेटरिनरी फार्मासिस्टों द्वारा पशुजन्य पदार्थो का ऋतुवार सर्वेक्षण एवं पशुगणना का कार्य किया जायेगा"

3– उक्त शासनादेश दिनॉक 29 दिसम्बर, 2021 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाये। उक्त शासनादेश दिनॉक 29 दिसम्बर, 2021 की शेष/प्रतिबंध यथावत रहेगें।

4– अतः रिट याचिका संख्या–125/एस0एस0/2022 उत्तराखण्ड डिप्लोमा पशुचिकित्स फार्मासिस्ट संघ बनाम राज्य एवं अन्य में मा0 उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पारित आदेश दिनॉक 13 जुलाई, 2022 के अनुपालन में डिप्लोमा पशुचिकित्सा फार्मासिस्ट संघ द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन दिनॉक 13 सितम्बर, 2022 का एतत्द्वारा अंतिम रूप से निस्तारण किया जाता है।

(डा० बी0वी0आर0सी0 पुरूषोत्तम)
सचिव

संख्या /XV-1/22/तद्दिनॉकित

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, मा0 पशुपालन मंत्री को मा0 मंत्री जी के संज्ञानार्थ।
2. निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड को इस आशय के साथ कि उक्त आदेश की प्रति अपने स्तर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि वे समयान्तर्गत मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल को अवगत करा सकें।
3. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. अध्यक्ष, उत्तराखण्ड डिप्लोमा पशुचिकित्सा फार्मासिस्ट संघ।
5. गार्ड फाईल।

आज्ञा से
(राजेन्द्र कुमार भट्ट)
संयुक्त सचिव

2.6:—मुख्य प्रसार अधिकारी/क्षेत्र प्रबन्धक, क्षेत्र प्रसार अधिकारी(पशुधन)/ज्येष्ठ प्रसार अधिकारी (कुक्कुट) एवं पशुधन प्रसार अधिकारी के कर्तव्य एवं दायित्य

प्रेषक, **संख्या—677/XV-1/06-2(68)/2005**

नवीन चन्द्र शर्मा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

अपर निदेशक,
पशुपालन विभाग,
गोपेश्वर चमोली।

पशुपालन अनुभाग—1 देहरादूनः दिनॉक 31 जनवरी, 2006

विषयः— पशुधन प्रसार अधिकारियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व का विवरण।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपर निदेशक, पशुपालन विभाग के पत्रसंख्या—1185/स्था—एक/प0प्र0अ0—जाब चार्ट/2005 दिनॉक 22 अक्टूबर, 2005 के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त प्रदेश में कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारियों के कार्य एवं दायत्वों का विवरण संलग्न कर प्रेषित करने का मुझे निर्देश हुआ है, कृपया तदनुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्न—उक्तानुसार

भवदीय,
(नवीन चन्द्र शर्मा)
सचिव,

संख्या—677(1)/XV-1/06 तद्दिनॉक

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. उपनिदेशक, कुमाऊॅ मण्डल नैनीताल/गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
2. उपनिदेशक, संघन भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, पशुलोक—ऋषिकेश।
3. उपनिदेशक, आई0सी0डी0पी0 हल्द्वानी।
4. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तरांचल।
5. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तरांचल।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव एवं आयुक्त, वन एवं ग्राम्य विकास शाखा उत्तरांचल शासन।
8. निजी सचिव, मुख्यमंत्री को मा0 मुख्यमंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रस्तुत करने हेतु।

संख्या—677(1)/XV-1/2(68)/2005
दिनॉक 31, जनवरी, 2006

पशुधन प्रसार अधिकारियों के कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वों का विवरण

1. विभागीय संस्थाओं/क्षेत्र भ्रमण पर बीमार पशुओं/पक्षियों की आवश्यकतानुसार प्राथमिक चिकित्सा/उपचार करना।
2. विभागीय संस्थाओं के मुख्यालय तथा क्षेत्र भ्रमण पर अनैच्छि नर पशुओं का बधियाकरा करना।
3. मुख्यालय/क्षेत्र भ्रमण पर पशु/पक्षियों के संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु रोग निरोधक टीकाकरण करना।
4. संक्रामक बीमारियों के संमण ;व्नज ठतमांद्ध होने पर उसके निवारण के उपाय करना तथा उच्चाधिकारियों को सूचित कर उनके मार्ग दर्शन में कार्य करना।
5. अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत गंभीर रोगी पशुओं को आपातकालीन प्राथमिक चिकित्सा/उपचार सेवायें उपलबध करना।

6. अपने मुख्यालय तथा क्षेत्र भ्रमण पर कृत्रिम गर्भाधान परीक्षण करना, संतति निरीक्षण करना तथा तद्नुसार अभिलेख तैयार करना।
7. आन्तरिक अंगो को छोड़कर लघु शल्य चिकित्सा ;उपदवत वचमतंजपवदद्ध द्वारा पशुओं की प्राथमिक चिकित्सा/उचार करना।
8. भेड़ों एवं बकरियो को डेचिंग डीपिंग कराना।
9. अपने कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत पशुधन विकास कार्यक्रमों की प्रगति सूचनायें, आंकड़े आदि संकलित करना एवं विकास सम्बन्धी अन्य कार्यो के निरीक्षण/अनुश्रवण/ समीक्षा/हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के भ्रमण के समय उनके साथ रहना तथा अपेक्षित सहयोग प्रदान करना।
10. विकास मेला, पशु मेला पशु प्रर्दशनी, पशु रैली, टीकाकरण कैम्प हेतु प्रचार प्रसार करना उसके लिये अनुकूल वातावरण बनाना तथा सम्पन्न करान में उच्चाधिकारियों का सहयोग करना।
11. मादा पशुओं की जनन क्षमता का पूरा उपयोग करने हेतु बांझापन निर्वारण कैम्प आयोजित करना तथा पशुचिकित्सा अधिकारी के मार्ग निर्देशन में पीड़ित पशु की प्राथमिक चिकित्सा/उपचार करना।
12. पशुपालकों को पशुओं के रखरखाव, पालन पोषण तथा सन्तुति पशुआहार के सन्दर्भ में जानकारी देना।
13. चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुपालकों को हरे चारे के महत्व की जानकारी देना कृषकों का चयन कर चारा प्रर्दशन करना, यथा समय उन्नत चारा बीज/चारा जड़े/चारा वृक्ष उपलब्ध कराना तथा ग्राम पंचायतों/वन/पंचायतों स्वंय सेवी संस्थाओं द्वारा विकसित चारा वनों/चारागाहों का समय–समय पर अनुश्रवण करना तााि उसकी प्रगति उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराना।
14. अपनी पदस्थापना से सम्बन्धित संस्थाओं की पंजिकाओं एवं अभिलेखों को निर्धारित प्रारूपों पर तैयार करना तथा चार्ट डिस्पले तथा प्रगति सूचनायें कार्यक्रमवार दर्शाना।
15. वीर्य संग्रह केन्द्रों पर साण्डों का रखरखाव, वीर्य संग्रह परीक्षण, डाइल्यूसन प्रिजर्वेसन तथा वितरण में संग्रह केन्द्र के प्रभारी को सहयोग प्रदान करना।
16. राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्रों पर पक्षियों का रखरखाव, अण्डा उत्पादन, हैचिंग, रियरिंग, टीकारण तथा विपणन आदि की व्यवस्था करना, रोग निदान करना तथा मृत्यु की दशा में पशुचिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में शव विच्छेदन ;च्वेज उवतजमउद्ध करना।
17. इच्छुक कुक्कुट पालकों को प्रशिक्षण के लिये प्रेरित करना, तकनीकी प्रशिक्षण देना कुक्कुट इकाई की स्थापना कराना, उनका अनुश्रवण/निरीक्षण करना तथा अण्डों व चूजों के विपणन में सहयोग करना।
18. राजकीय शशक प्रक्षेत्रों पर शशकों का रखरखाव, टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा/उपचार प्रजनन तथा विपणन आदि कार्य करना।
19. राजकीय भेड़/बकरी प्रक्षेत्रों पर सूकरों का रखरखाव, टीकाकरण प्राथमिक चिकित्सा/उपचार प्रजनन ऊन शियरिंग ग्रेडिंग तथा विपणन आदि कार्य करना।
20. राजकीय सूकर प्रक्षेत्रों पर सूकरों का रखरखाव, टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा/ उपचार प्रजनन तथा विपणन आदि कार्य करना।
21. क्षेत्र के इच्छुक शूकर पालकों को प्रशिक्षण के लिये प्रेरित करना, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण, देना, सूकर इकाईयों की स्थापना करना उनका अनुश्रवण/निरीक्षण करना तथा उनके विपणन में सहयोग करना।
22. राजकीय दुग्धशाला प्रक्षेत्रों पर पशुओं के रखरखाव, फीडिंग, रियरिंग, टीकाकरण, प्राथमिक चिकित्सा, पशु प्रजनन, संतति परीक्षण, दुग्ध उत्पादन अभिलेखन तथा विपणन आदि कार्य करना।
23. क्षेत्र में अग्निघात, विद्युत आघात एवं आकस्मिक दुर्घटना में घायल पशु का तुरन्त उपचार करना तथा मृत्यु की दशा में उसके शव विच्छेदन हेतु पशु चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराना।
24. क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जनपदों में 10 दिन व पर्वतीय जनपदों में 15 दिन अपने क्षेत्र में अवश्व रात्रि विश्राम करेगा तद्नुसार कार्य की प्रगति गन्तव्य स्थान मुख्यालय से दूरी प्रस्थान का समय तथा वापसी का समय सूचनापट तथा दैनिक डायरी में उल्लेख करेगा।
25. पशुपालकों की मॉग पर उन्नत उस्ल के गाय साण्डों, भैंसा साण्डों, बकरा भेड़, घोडा, गधा तथा सूकर साण्ड आदि अंशदान पर उपलब्ध कराना।
26. अपने कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत प्रतिवर्ष ग्रामवार पशुओं की गणना करना तथा नियोजन हेतु आंकडें जुटाना।
27. पशुक्रूरता निवारण के सम्बन्ध में पशुधन प्रसार अधिकारी पशुचिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी को आवश्यक सूचना एंव सहायता प्रदान करेंगे।
28. प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़, सूखा, भूस्खलन आदि के समय आवश्कक्तानुसार राहत कार्य करना तथा उच्चाधिकारियों को सूचित करना।

29. समय–समय पर बैंक द्वारा पोषित परियोजनाओं में पशुधन विकास सम्बन्धी कार्यक्रमों का संचालन करना स्वंय सहायता समूह गठित करना तथा आवश्यक कार्यो का सम्पादन करना।

30. मुख्यालय/क्षेत्र में सम्पादित कार्य प्राथमिक चिकित्सा/उपचार, कृत्रिम गर्भाधान प्राकृतिक गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण, डेंचिंग, डीपिंग हेतु निर्धारित सेवाशुल्क ;स्मअलद्ध एवं वैक्सीन, चारा, दाना, ऊन, खाल, हड्डी, अण्डा, मांस इत्यादि मदों की विक्री से प्राप्त धनराशि राजकीय कोष में जमा करना। तथा जमा की गयी धनराशि व अवशेष धनराशि का विवरण पशु/चिकित्सा अधिकारी /मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को मासिक रूप से प्रस्तुत किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में रखे गये अभिलेख भी पशुचिकित्साधिकारी/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अवलोकित कराये जायेंगे।

31. सूचना के अधिकार के अधिनियम के तहत् नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेंगे।

32. पशुधन प्रसार अधिकारी सम्बन्धित पशुचिकित्सालय के पशुचिकित्साधिकारी/ जनपद के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के नियंत्रणाधीन होंगे, तथा उनके द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्देशानुसार सम्पादन करेंगे।

33. शासन/विभाग/जनपद के उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्यो का सम्पादन नियमानुसार सुनिश्चित करेंगे।

34. अपने कर्तव्य एवं उत्तरदायित्वों के सम्पादन हेतु पशुधन प्रसार अधिकारी अपनी संस्था से सम्बन्धित निम्नलिखित पंजिकाओं का उपयोग करेगा :–

1– वाह्य रोगी (Out Patient) पंजिका
2– दैनिक औषधि वितरण पंजिका (Daily Issue)
3– औषधि पंजिका (Medicine Register)
4– स्कन्ध सामग्री पंजिका
5– निष्प्रोज्य सामग्री (Dead Article) पंजिका
6– वैक्सीन/सीरा वैक्सीन पंजिका
7– टीकाकरण (Vaccination) पंजिका
8– बाह्य संक्रमण (Out Break)
9– रोकड़ बही (Cash Book/Cash Receipt)
10– कृत्रिम गर्भाधान (गाय/भैंस) पंजिका
11– वीर्य/तरल नत्रजन प्राप्ति पंजिका
12– सांड पंजिका
13– संतति पंजिका
14– प्रगति पंजिका
15– पशुगणना पंजिका
16– दैनन्दिनी (Tour Dairy) पंजिका
17– उपस्थिति पंजिका (Attendance Register)
18– ब्रीडिंग एवं कवरिंग रजिस्टर
19– कुक्कुट विकास सम्बन्धी पंजिक
20– चारा विकास सम्बन्धी पंजिका

(जे0पी0 जोशी)
उप सचिव

संख्या–194/XV-1/13/2(8)/12

प्रेषक,

अरूण कुमार ढ़ौडियाल,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
पशुपालन विभाग,
उत्तराखण्ड देहरादून।

पशुपालन अनुभाग–1 **देहरादून : दिनॉक 21 फरवरी, 2013**

विषयः **मुख्य प्रसार अधिकारी/क्षेत्र प्रबन्धक, क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन)/ज्येष्ठ प्रसार अधिकार (कुक्कुट) एवं पशुधन प्रसार अधिकारियों के कर्तव्य एवं दायित्व।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या–3061/स्था0एक/प0प्र0अ0 कर्तव्य/2012–13 दिनॉक 30 नवम्बर, 2012 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड के संरचनात्मक ढांचे का पुनर्गठन संबंधी शासनादेश संख्या–4184/XV-1/09/2(96)/05 दिनॉक 22 दिसम्बर, 2009 के द्वारा पशुधन प्रसार अधिकारी संवर्ग में सृजित मुख्य प्रसार अधिकारी/क्षेत्र प्रबन्धक, क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन)/ज्येष्ठ प्रसार अधिकारी (कुक्कुट) एवं पशुधन प्रसार अधिकारी अधिकारी को निम्न प्रकार उनके कर्तव्य एवं दायित्व निर्धारित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

(1) मुख्य प्रसार अधिकारी के कर्त्तव्य एवं दायित्व (मुख्यालय'कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी :–

मुख्य प्रसार अधिकारी संबंधित जनपद के उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के नियंत्रणाधीन होंगे तथा उनके द्वारा उक्त अधिकारियों के मार्ग–निर्देशन में निम्नलिखित कार्यो/दायित्वों को सम्पादित किया जायेगाः–

1. जनपद में पशुधन एवं कुक्कुट विकास से संबंधित समस्त योजनाओं/कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार–प्रसार व अनुश्रवण करना।
2. जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार के शिविरों, पशु मेला, पशु रैली, पशु प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों को समयबद्ध अनुश्रवण एवं समय पर सूचनाएं संकलित कर रिपोर्ट तैयार करना।
3. जनपद में पशुधन प्रसार अधिकारियों/क्षेत्र प्रसार अधिकारियों द्वारा सम्पादित पशुगणना से संबंधित सर्वेक्षण कार्यो का अनुश्रवण करना।
4. जनपद में टीकाकरण एवं सर्विसलेन्स संबंधी कार्यक्रमों का अनुश्रवण एवं सूचना संकलित कर रिपोर्ट तैयार करना।
5. जनपद में चारा प्रदर्शन, चारा बीज वितरण तथा चारागाह विकास से संबंधित समस्त योजनाओं का अनुश्रवण एवं सूचनाएं संकलित कर रिपोर्ट तैयार करना।
6. पशु प्रजनन कार्यक्रम के अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति एवं अशंदान पर पशु प्रजनन हेतु वितरित सांडों की अद्यावधिक स्थिति व सम्पादित प्राकृतिक गर्भाधान कार्यक्रम की प्रगति संकलित कर रिपोर्ट तैयार करना।
7. रोगों के आउट ब्रेक होने पर रोकथाम संबंधी कार्यो का प्रचार–प्रसार करवाना।
8. जनपद में डेरी, सूकर, कुक्कुट, भेड एवं बकीर आदि इकाईयां/प्रक्षेत्रों की स्थापना संबंधी कार्यो का अनुश्रवण एवं सूचना संकलित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
9. विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु लाभार्थियों से प्राप्त/बैंकों को प्रेषित आवेदनों का अनुश्रवण/बैंकों से समन्वय स्थापित करना तथा सूचना संकलित कर रिपोर्ट तैयार करना।
10. जनपद में पशुधन प्रसार अधिकारियों/क्षेत्र प्रसार अधिकारियों (पशुधन/कुक्कुट) द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो का मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार निरीक्षण/समीक्षा तथा मार्ग निर्देशन करना।
11. जनपद के किसी भी स्थान पर बाढ़, सूखा व भू–स्खलन जैसी प्राकृतिक आपदा के समय विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार तुरन्त राहत कार्य सम्पादित करवाना।

12. जनपद में विभागीय भूमि/भवनों एवं निर्मण कार्यो की सूचना संकलित कर अद्यावधिक रिपोर्ट तैयार करना।

13. पशुधन से संबंधित समस्त मदों/योजनाओं की प्रगतियों/सूचनाओं को अद्यावधिक रखना तथा पशुधन अनुभाग से संबंधित समस्त पत्रावलियों परीक्षणोपरान्त उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को अग्रसारण करना।

14. उक्त कार्यो के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना।

(2) क्षेत्र प्रबन्धक के कर्त्तव्य एवं दायित्व (मुख्यालय–राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र हवालबाग अल्मोड़ा) :–

क्षेत्र प्रबन्धक राजकीय कुक्कुट प्रक्षेत्र हवालबाग (अल्मोड़ा) प्रक्षेत्र के पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, अल्मोड़ा के नियंत्रणाधीन होंगे तथा उनके द्वारा उक्त अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में निम्नलिखित कार्यो/दायित्वों का सम्पादित किया जायेगा :–

1. कुक्कुट प्रक्षेत्र, हवालबाग के प्रबन्धकीय कार्यो का सम्पादन।
2. अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्ग निर्देशन एवं प्रक्षेत्र के कार्यो को सम्पादित कराना।
3. प्रक्षेत्र के समस्त अभिलेखों, पत्रावलियों एवं पंजिकाओं का रख–रखाव एवं अद्यावधिक रखना।
4. प्रक्षेत्र का उपलब्ध मशीनों, उपकरण, साज–सज्जा, दवाईयॉ, वैक्सीन आदि समस्त सामग्री की आवश्यकतानुसार मांग व उसका रख–रखाव एवं उपयोग सुनिश्चित करना तथा समय–समय पर स्टोर सत्यापन कराना।
5. प्रक्षेत्र को प्राप्त समस्त पत्रों का समय से निस्तारण एवं समय से प्रगति सूचनाओं का पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1 के माध्यम से उच्चाधिकारियों को प्रतिउत्तर प्रेषित करना।
6. प्रक्षेत्र पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों के सेवा अभिलेखों का रख–रखाव, अधीनस्थ कर्मचारियों की वार्षिक चरित्र प्रविष्टियों एवं अवकाश आदि के समस्त प्रकरणों को पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1 के माध्यम से समक्ष अधिकारी को अग्रसारित करना।
7. प्रक्षेत्र पर उपलब्ध कुक्कुट पक्षियों हेतु आहार, पानी आदि की उचित व्यवस्था करना तथा समस से टीकाकरण करना।
8. उक्त कार्यो के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

(3) क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन) के कर्त्तव्य एवं दायित्व (मुख्यालय–विकासखण्ड के निकटस्थ पशु सेवा केन्द्र) :–

क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन) संबंधित पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के नियंत्रणाधीन होंगे तथा उनके द्वारा उक्त अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारियों हेतु शासनादेश संख्या–677 दिनॉक 31 जनवरी, 2006 द्वारा निर्गत जॉब चार्ट में निर्धारित कार्य एवं दायित्वों के अतिरिक्त निम्नलिखित कार्य एवं दायित्वों का भी निर्वहन किया जाएगा।

1. उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार क्षेत्र पंचायत स्तर की विकास एवं प्रसार संबंधी बैठकों में विभाग का प्रतिनिधित्व करना।
2. उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार क्षेत्र पंचायत स्तर पर पशु मेला, कॉफ रैली, पशुपालन गोष्टियों/पशु प्रदर्शनी तथा बांझपन निवारण शिविरों आदि का आयोजन करना।
3. क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत संचालित समस्त कार्यक्रमों की सूचना संकलित कर मासिक/त्रैमासिक/छमाही/वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने में उच्चाधिकारियों को आवश्यक सहयोग करना।
4. उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार कृत्रिम गर्भाधान/प्राकृतिक गर्भाधान कार्यो तथा उत्पन्न संतति का भौतिक सत्यापन कर सूचना मासिक रूप से नियंत्रण अधिकारी/उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना।
5. क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत कार्यरत पशुधन प्रसार अधिकारियों के सहयोग से पशुओं को विभिन्न रोगों से बचाव के लिए समय–समय पर अभियान के रूप में टीकाकरण करवाना।
6. क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा व भू–स्खलन की स्थिति में विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार राहत कार्य सम्पादित करना।
7. क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान कार्य को सफल बनाने हेतु अवांछित नर पशुओं का बधियाकरण करना।
8. विभिन्न स्तर की योजनाओं स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान तथा ट्राइबल सब प्लान आदि योजनाओं के कार्य में विभागीय अधिकारियों का सहयोग करना।

9. नियंत्रण अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत पशुधन प्रसार अधिकारियों द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यो की समीक्षा/उनका मार्ग–दर्शन करना तथा समीक्षा/निरीक्षण रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करना।
10. क्षेत्र पंचायत के अन्तर्गत भेड़ विकास, शशक विकास, चारा/कुक्कुट विकास आदि कार्यो के सम्पादन में उच्चाधिकारियों को सहयोग प्रदान करना।
11. उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पशु क्रूरता अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही करना।
12. उक्त कार्यो के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना।

(4) क्षेत्र प्रसार अधिकारी (कुक्कुट) के कर्त्तव्य एवं दायित्व (मुख्यालय–कार्यालय पशुचिकित्साधिकारी (कुक्कुट) :–

क्षेत्र प्रसार अधिकारी (कुक्कुट) पशुचिकित्साधिकारी, कुक्कुट/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के नियंत्रणाधीन होंगे तथा उनके द्वारा उक्त अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में निम्नलिखित कार्य एवं दायित्वों का सम्पादन किया जाएगा :–

1. क्षेत्रान्तर्गत कुक्कुट विकास का प्रचार–प्रसार का कार्य करना।
2. अपने–अपने जनपदों में चल रहे कुक्कुट विकास योजनाओं के कार्यान्वयन अनुरक्षण/अनुश्रवण करना।
3. कुक्कुट पालकों को अच्छी प्रजाति के कुक्कुट पक्षी उपलब्ध करना।
4. कुक्कुट पालकों को कुक्कुट पालन संबंधी प्रशिक्षण की व्यवस्था कर प्रशिक्षण देना।
5. जनपदों में कुक्कुट इकाईयॉ/प्रक्षेत्र को स्थापित करवाना।
6. क्षेत्रान्तर्गत स्थापित/कुक्कुट प्रक्षेत्र/इकाईयों का निरीक्षण एवं अनुरक्षण करना।
7. कुक्कुट प्रक्षेत्र/इकाईयों पर विभिन्न बीमारियों से बचाव के टीकाकरण कार्य कराना।
8. बीमार पक्षियों का बीमारियों से बचाव हेतु आवश्यक जानकारी देना।
9. पशुधन प्रसार अधिकारी, कुक्कुट के कार्यो/अभिलेखों का निरीक्षण, मूल्यांकन व मार्गदर्शन करना।
10. पशुधन प्रसार अधिकारी, कुक्कुट के कार्यो की प्रगति संकलन कर उच्चाधिकारियों को भेजना।
11. परियोजना स्तर पर प्रगति पंजिका, कुक्कुट प्रक्षेत्रों/इकाईयों की पंजिका का रख–रखाव करना।
12. समय–समय पर समस्त पशुधन प्रसार अधिकारी कुक्कुट का मार्ग दर्शन करना।
13. उक्त कार्यो के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना।

(5) प्रक्षेत्रों पर कार्यरत क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन) के कर्त्तव्य एवं दायित्व (मुख्यालय–भेड़/बकरी /अंगोरा शशक प्रक्षेत्र) :–

प्रक्षेत्रों पर कार्यरत क्षेत्र प्रसार अधिकारी (पशुधन) संबंधित प्रक्षेत्र के पशुचिकित्साधिकारी/ परियोजना निदेशक/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के नियंत्रणाधीन होंगे तथा उनके द्वारा उक्त अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में निम्नलिखित कार्य एवं दायित्वों का सम्पादन किया जाएगा :–

1. क्षेत्रान्तर्गत भेड़, बकरी, शशक एवं ऊन विकास संबंधित समस्त योजनाओं का प्रचार–प्रसार का काय्र करना।
2. प्रक्षेत्र पर उपलब्ध पशुधन का उचित रख–रखाव करना।
3. प्रक्षेत्र पर पशु प्रजनन कार्य करवाना।
4. क्षेत्र के अन्तर्गत भेड़/बकरी/शशक के विकास हेतु उन्नत नस्ल के नर सांडों का वितरण कर नस्ल सुधार कराना।
5. प्रक्षेत्र की भेड़ों की ऊन शियरिंग कर केन्द्रीय भण्डार तक पहॅुचाना।
6. प्रक्षेत्र में भेडों से प्राप्त ऊन का विपणन करना।
7. प्रक्षेत्र में उपलब्ध पशुधन का टीकाकरण व दवापान तथा चिकित्सा करवाना।
8. अधीनस्थ कर्मचारियों का मार्ग निर्देशन का प्रक्षेत्र के कार्यो को सम्पादित कराना।
9. प्रक्षेत्र के समस्त अभिलेखों पत्रावलियों एवं पंजिकाओं का रख–रखाव एवं अद्यावधिक रखना।
10. प्रक्षेत्र पर उपलब्ध मशीनों, उपकरण, साज–सज्जा, दवाईयॉ, वैक्सीन आदि समस्त समाग्री की आवश्यकतानुसार मांग व उसका रख–रखाव एवं उपयोग सुनिश्चित करना तथा समय–समय पर स्टोर सत्यापन करान।

11. प्रक्षेत्र को प्राप्त समस्त पत्रों का समय से निस्तारण एवं समय से प्रगति सूचनाओं का पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड–1 के माध्यम से उच्चाधिकारियों को प्रतिउत्तर प्रेषित करना।
12. उक्त कार्यो के साथ–साथ उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

(अरूण कुमार ढ़ौडियाल)
सचिव

संख्या : **194 (1)/XV-1/2023 तद्‌दिनॉक।**
प्रतिलिपि **निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड।
2. समस्त परियोजना निदेशक, प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(जी0बी0 ओली)
संयुक्त सचिव